RNI No. MPHIN/2016/67534
दैनिक रुद्रांश दर्पण समाचार-पत्र
को मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान एवं उत्तर प्रदेश के समस्त जिले एवं तहसील में ब्यूरों एवं एजेंसी नियुक्त करना है। पत्रकारिता के अनुभवी व्यक्ति सम्पर्क करें
प्रधान संपादक अंतरिक्ष पवार
सम्पर्क 8770227143 8109227153

भोपाल से प्रकाशित और छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश व राजस्थान से प्रसारित

RNI No. MPHIN/2016/67534

दैनिक

# रुद्रांश दर्पण

संपादक : अंतरिक्ष पवार

वर्ष-9, अंक-173 | भोपाल, सोमवार 16 सितम्बर 2024 | पृष्ठ-08 मूल्य-2 रु.

**सुविचार**

मित्र के साथ बैठना बहुत आसान है परन्तु खड़े रहना बहुत ही मुश्किल है...

## दिल्ली में सियासी उठापठक की पटकथा

दो दिन बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे का ऐलान अरविंद केजरीवाल का मास्टरस्ट्रोक है या मजबूरी? अब इसे लेकर सियासी चर्चाएं चल रही हैं। केजरीवाल के बड़े ऐलान के बाद आम आदमी पार्टी नेता जनता की अदालत में जाने की बात कह रहे हैं। वहीं बीजेपी नेता इसे ड्रामा बता रहे हैं। केजरीवाल ने जब इस्तीफे का ऐलान किया, उस वक्त अपनी स्पीच से कई सियासी समीकरण भी साध दिए। केजरीवाल ने अपनी स्पीच में भगत सिंह, संविधान, क्रांतिकारी, माता सीता का जिक्र करके इमोशनल कार्ड फेंका।

### केजरीवाल का ऐलान- दो दिन में दे दूंगा इस्तीफा

**नई दिल्ली।** आबकारी नीति मामले में जमानत पर बाहर आए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने पद से इस्तीफे का ऐलान कर दिया है। आम आदमी पार्टी दफ्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि मैं दो दिन के बाद सीएम पद से इस्तीफा दूंगा। मैं तब तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा, जब तक जनता अपना फैसला नहीं सुना देती कि केजरीवाल ईमानदार है। दिल्ली की जनता के आदेश के बाद ही मैं मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठूंगा। उन्होंने कहा कि मैं और मनीष सिसोदिया जनता के बीच जाएंगे। दिल्ली विधानसभा भंग नहीं होगी। मेरी जगह कोई और सीएम होगा। अगला सीएम चुनने के लिए विधायक दल की बैठक होगी। इसमें सीएम पर फैसला लिया जाएगा। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने एक और नया फॉर्मूला बनाया है जहां जहां पार्टी चुनाव हारे वहां-वहां के मुख्यमंत्री पर फर्जी केस करके गिरफ्तार कर लो और उसकी सरकार गिरा दो। इन्होंने सिद्धारमैया, पिनाराई विजयन, ममता बनर्जी पर केस कर रखें हैं। ये विपक्ष के मुख्यमंत्री को नहीं छोड़ते।



#### नवंबर में चुनाव कराने की मांग

केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा के लिए फरवरी की जगह नवंबर में चुनाव कराने की भी मांग की है। उन्होंने कहा है कि जब तक दिल्ली में चुनाव नहीं होगे तब तक कोई अन्य नेता दिल्ली का मुख्यमंत्री होगा।इसके लिए दो दिन में आम आदमी पार्टी के विधायक दल की बैठक होगी उसमें नए मुख्यमंत्री का नाम तय होगा। अरविंद केजरीवाल इससे पहले भी कई मौकों पर जरूरी फैसला लेने से पहले जनता की राय लेने के बारे में बात करते रहे हैं। उन्होंने अपनी राजनीति की शुरुआत में जनता से कथित तौर पर राय लेने की बात कई बार की है।

#### कौन बनेगा दिल्ली का सीएम?

दिल्ली का सीएम बनने की लिस्ट में आतिशी का नाम सबसे आगे है। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी कालकाजी सीट से विधायक हैं। आतिशी दिल्ली सरकार में शिक्षा, उच्च शिक्षा, टीटीई, वित्त, योजना, पीडब्ल्यूडी, जल, बिजली, सेवाएं, सतर्कता, जनसंपर्क मंत्री हैं। वहीं, आतिशी के साथ-साथ सौरभ भारद्वाज नाम भी सामने आ रहा है। वे दिल्ली की ग्रेटर कैलाश सीट से विधायक हैं। सौरभ दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य, शहरी विकास और पर्यटन मंत्री हैं। सौरभ पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता भी हैं।

### बीजेपी बोली- यह जुर्म का इकबालिया बयान

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा अपने पद से इस्तीफे का ऐलान करने के बाद दिल्ली की सियासत गरमा गई है। भाजपा ने इस पीआर स्टंट बताया है। भाजपा का कहना है कि केजरीवाल को कोर्ट की शर्तों ने इस्तीफे के लिए मजबूर किया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि यह अरविंद केजरीवाल का पीआर स्टंट है। वे समझ गए हैं कि दिल्ली की जनता के बीच उनकी छवि कैसी है एक ईमानदार नेता की नहीं बल्कि एक भ्रष्ट नेता की। आज पूरे देश में आम आदमी पार्टी एक भ्रष्ट पार्टी के रूप में जानी जाती है, अपने पीआर स्टंट के तहत वह अपनी छवि को बहाल करना चाहते हैं। इससे साफ है कि वे सोनिया गांधी मॉडल लागू करना चाहते हैं। जहां उन्होंने मनमोहन सिंह को डमी प्रधानमंत्री बनाया और पर्दे के पीछे से सरकार चलाई। उन्हें आज समझ आ गया है कि आम आदमी पार्टी दिल्ली चुनाव हार रही है और दिल्ली की जनता उनके नाम पर वोट नहीं दे सकती, इसलिए वे किसी और को बलि का बकरा बनाना चाहते हैं।

#### पहले चुनाव करवाने की मांग क्यों?

बीजेपी के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने तंज कसा कि कौन सी ऐसी निजी चीज है जो आप 48 घंटे की मोहलत मांगने की कोशिश कर रहे हैं। सरकारी काम आप कर नहीं सकते तो फिर 48 घंटे किसके लिए चाहिए। केजरीवाल के इस्तीफे की घोषणा पर उन्होंने कहा कि जब उन्होंने इस्तीफे की बात की तो हम यह कह सकते हैं कि यह जुर्म का इकबालिया बयान हो गया, आपने मान लिया है कि आप पर जो आरोप हैं उसके साथ आप पद पर नहीं रह सकते। उन्होंने कहा कि दिल्ली में उनकी सरकार है वो चाहें तो असेंबली भंग कर दें। पहले चुनाव करवाने की मांग क्यों कर रहे हैं?

#### कांग्रेस भी हुई हमलावर

कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने कहा है कि केजरीवाल नाटक कर रहे हैं और उन्हें बहुत पहले सीएम पद को छोड़ देना चाहिए था। जब उन्हें जेल हो गई थी तभी उन्हें सीएम पद छोड़ देना चाहिए था, लेकिन उस वक्त उन्होंने ऐसा नहीं किया। अब बचा क्या है, अब यह घोषणा करने का क्या मतलब है। सुप्रीम कोर्ट ने उन पर सरकारी फाइल साइन करने को लेकर पाबंदी लगाई है। हेमंत सोरेन भी जेल से रिहा हुए हैं, उन पर कोई शर्त नहीं लगाई गई थी।

## पानी में खड़े-खड़े गुजर गए दो दिन...जल सत्याग्रह जारी



**बड़वानी।** बड़वानी जिले के डूब क्षेत्र कसरावद गांव में नर्मदा बचाओ आंदोलन समिति की मेधा पाटकर जल सत्याग्रह कर रही हैं। उनके साथ कई प्रभावित लोग भी शनिवार से सत्याग्रह पर बैठे हैं। मेधा पाटकर सरदार सरोवर बांध के गेट तत्काल खोलने और विस्थापित परिवारों के पूर्ण पुनर्वास की मांग कर रही हैं।

उन्होंने समस्या का समाधान होने तक जल सत्याग्रह जारी रखने की बात कही है। उन्होंने कहा कि बांध का जल स्तर बढ़ने से पानी गांवों में घुस गया है। इसलिए लोगों को सुरक्षित पनाह दी जाए। मेधा पाटकर का दावा है कि केंद्रीय जल आयोग के नियमों का उल्लंघन करते हुए सरदार सरोवर बांध का जलस्तर अवैध रूप से बढ़ाया जा रहा है। मेधा पाटकर आरोप लगाया कि डैम के फाटकों को समय पर नियंत्रित न करने और ओंकारेश्वर और इंदिरा सागर बांधों से पानी छोड़े जाने से हजारों घर तबाह हो गए हैं। सरदार सरोवर बांध का जलस्तर 136 मीटर से ऊपर तक पहुंच गया है। ओंकारेश्वर बांध के फाटक शुक्रवार रात को खोल दिए गए हैं। उन्होंने कहा- जबकि ऐसी स्थिति में सरदार सरोवर बांध के सभी फाटक खोल दिए जाने चाहिए थे और जलस्तर को 122 मीटर पर प्रबंधित किया जाना चाहिए था। मेधा ने दावा किया कि न केवल भारी बारिश के कारण बल्कि इलाके के जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण भी घर तबाह हो गए हैं।

#### बड़वानी विधायक मिलने पहुंचे

बड़वानी विधायक राजन मंडलोई शनिवार रात करीब दो बजे नर्मदा बचाओ आंदोलन के कार्यकर्ताओं और बाढ़ प्रभावितों से मिलने पहुंचे। उन्होंने कहा कि मैंने सीएम को पत्र लिखकर मांग की है कि नर्मदा नदी के ऊपरी बांधों के गेट खोल दिए गए हैं और जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में संबंधितों को निर्देशित करें कि वे आंदोलनकारियों से मिलकर उनकी समस्याओं का निराकरण करें।

## सीएम मोहन यादव समतामूर्ति अलंकरण सम्मान से सम्मानित



**उज्जैन।** उज्जैन में रविवार को रामानुज कोट आश्रम में समतामूर्ति अलंकरण समारोह हुआ। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश जेके माहेश्वरी को रामानुज कोट के धमार्चार्य संत स्वामी गादी जी महाराज द्वारा समतामूर्ति अलंकरण से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी श्री रंगनाथाचार्य महाराज सहित अन्य संत आचार्य भी उपस्थित थे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा महाकाल की नगरी अवंतिका अनंत है। यह नगरी हर काल और हर युग में अपने गुणों, कीर्ति और प्रसिद्धि से सदैव अलंकृत होती आ रही है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा और गौरवशाली लोकतंत्र है, जिसके तीन आधार स्तंभों में न्यायपालिका प्रमुख आधार स्तंभ है, जो महाराजा विक्रमादित्य की न्यायप्रियता के समान हमारी ताकत को कई गुना बढ़ाती है। महाराजा विक्रमादित्य की न्याय और समानता से प्रेरित मप्र सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए कृत संकल्पित है। इस अवसर पर आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी रंगनाथाचार्य महाराज सहित अन्य संत आचार्य भी उपस्थित थे।

डॉ. यादव ने कहा हर 12 वर्षों में उज्जैन में आयोजित होने वाले सिंहस्थ की छटा निराली होती है। समारोह में उपस्थित देवतुल्य धमार्चार्यों के दर्शन से परमात्मा की अनुभूति हो रही है। स्वामी श्री रामानुज जी महाराज ने अपने अलौकिक दर्शन से सनातन धर्म के संरक्षण के साथ मानव से मानव को जोड़कर जनसेवा का मार्ग भी दिखाया है। समाज में आने वाली विभिन्न चुनौतियों के बावजूद स्वामी जी द्वारा भक्ति मार्ग का निरंतर प्रसार किया गया, जिसकी अविरल धारा आज भी प्रवाहित हो रही है।

## ब्रीफ न्यूज़

### पटरी छोड़कर खेत में चलने लगा रेल इंजन, देखने वाले भी रह गए दंग

**गया।** बिहार के गया में बड़ा रेल हादसा टल गया। एक मालगाड़ी ट्रेन का इंजन पटरी से उतर कर खेत में चला गया लोको पायलट जब तक ब्रेक लगाता तब तक इंजन बेपरी हो चुका था। देखते ही देखते इंजन खेत में चला गया। अब इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। घटना गया- कोडरमा रेलखंड के वजीरगंज स्टेशन एवं कोल्हाना हॉल्ट के बीच रघुनाथपुर गांव के पास हुई। बताया जा रहा है कि इंजन को लूप लाइन से गया की ओर ले जाया जा रहा था। अचानक इंजन अनियंत्रित होकर खेत में चला गया। हालांकि इंजन के साथ कोई डब्बा नहीं, इसलिए बड़ा हादसा टल गया। इधर, मालगाड़ी के बेपटरी होते ही इलाके में हड़कंप मच गया। खेत में काम कर रहे लोग इधर-उधर भागने लगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि इंजन के अनियंत्रित होते ही लोको पायलट नीचे उतर गया। रफ्तार कम होने के कारण बड़ा हादसा टल गया। इंजन को आंशिक क्षति हुई है। वहीं मालगाड़ी के दो हिस्सों में बंटने के बाद लोगों की भीड़ लग गई।

### पीएम मोदी ने रांची में 6 वंदे भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रांची में रविवार को डिजिटल माध्मय से झारखंड, ओडिशा, बिहार और उत्तर प्रदेश के लिए छह वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री का टाटानगर से इन ट्रेन को हरी झंडी दिखाने का कार्यक्रम था लेकिन कम दृश्यता और खराब मौसम की वजह से उनका हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार टाटानगर स्टेशन पर उपस्थित थे। ये नई ट्रेन टाटानगर-पटना, ब्रह्मपुर-टाटानगर, राउरकेला-हावड़ा, देवघर-वाराणसी, भागलपुर-हावड़ा और गया-हावड़ा मार्गों पर चलेंगी। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि ये ट्रेन आवागमन के समय को कम करने में मदद करेंगी। इन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन से नियमित यात्रियों, पेशेवरों, व्यापारियों और छात्र समुदायों को लाभ होगा। ये रेलगाड़ियां देवघर (झारखंड) में बैद्यनाथ धाम, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में काशी विश्वनाथ मंदिर, कालीघाट, कोलकाता में बेलूर मठ जैसे तीर्थ स्थलों तक आवागमन का समय कम करके क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद करेंगी। बयान में कहा गया है कि इससे धनबाद में कोयला और खान उद्योग, कोलकाता में जूट उद्योग, दुगार्पुर में लोहा और इस्पात से जुड़े क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलेगा।

## देवास के छह श्रद्धालुओं की बूंदी में हादसे से मौत

### कार के उड़े परखच्चे, क्रेन से निकालना पड़े शव

**देवास।** देवास जिले से खाटू श्याम बाबा के दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की कार कोटा-जयपुर नेशनल हाईवे (एनएच 21) पर बूंदी में हादसे का शिकार हो गई। रविवार सुबह करीब चार बजे इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि श्रद्धालुओं से भरी इको कार को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा और मामले की जांच शुरू की है। हादसा इतना भयानक था कि पुलिस कार को में फंसे शवों को निकालने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। क्रेन की मदद से शव बाहर निकाले गए।

बूंदी एसपी उमा शर्मा ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची और घायल लोगों को पास के ही एक अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे में घायल हुए मनोज पुत्र रवि नायक निवासी पोखर खुर्द, प्रदीप पुत्र मांगीलाल निवासी धांसड और अनिकेत पुत्र राजेश निवासी बेडाखाल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। ये सभी लोग देवास के ही रहने वाले हैं। प्रदीप की हालत गंभीर है, प्राथमिकी उपचार के बाद उसे कोटा रेफर कर दिया गया है।



#### इनकी हुई मौत

कार में सवार मदन पुत्र शकरू नायक निवासी बेडाखाल, मांगीलाल पुत्र ऊंकार निवासी बेडाखाल, महेश पुत्र बादशाह निवासी बेडाखाल, राजेश और पूनम की मौत हो गई, जबकि एक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। ये सभी लोग देवास जिले के ही रहने वाले थे।

#### कार में फंस गए थे सभी

हादसा इतना भयानक था कि टक्कर के बाद कार सवार सभी लोग उसमें बुरी तरह फंस गए थे। मौके पर पहुंची पुलिस को शव निकालने में कड़ी मशक्कत करना पड़ी । इसके बाद क्रेन को बुलाकर उसकी मदद से शव बाहर निकाले गए। पुलिस ने सभी मृतकों के शव पीएम के लिए शवघर भेज दिए गए और उनके परिजनों को सूचना देकर बुलाया।

#### पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

आसपास के लोगों ने पुलिस को बताया कि बजरी से भरा डंपर गलत साइड से टक्कर मारकर भाग गया। ट्रक टोंक की तरफ से आ रहा था और कोटा की तरफ गया है। ऐसे में पुलिस फोरलेन पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालकर अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। सड़क हादसे में हुई छह लोगों की मौत पर सीएम मोहन यादव ने दुख जताया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार की ओर से मृतकों के परिवार को 2-2 लाख रुपएकी आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं। दुःख की इस घड़ी में शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त करता हूं।

## अंतरिक्ष में मजे से घूमकर धरती पर लौटे चार एस्ट्रोनॉट्स

**फ्लोरिडा।** एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने अंतरिक्ष में इतिहास रच दिया है। यह पहला निजी अंतरिक्ष मिशन था, जिसने सफलता हासिल की है। चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर गया इस कंपनी के पोलारिस डॉन क्रू ने सफल वापसी की है। इसने फ्लोरिडा के टोटुर्गास कोस्ट पर लैंडिंग की। इस दौरान बड़े पैमाने पर सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। पांच दिन का यह मिशन 10 सितंबर को लॉन्च हुआ था। इस अभियान के दौरान दो अंतरिक्ष यात्रियों ने स्पेसवॉक भी की। इस अभियान का नेतृत्व फिनटेक अरबपति जेरेड इसाकमैन कर रहे थे। उनके अलावा, किड पोटेट, सारा गिलिस और अन्ना मेनन भी स्पेसशिप में सवार थे। इन सभी ने कैनेडी स्पेस सेंटर से अपनी यात्रा शुरू की थी। इन्हें स्पेसक्राफ्ट को मस्क की कंपनी के फाल्कन-9 रॉकेट को लांच किया गया था।



#### इसलिए खतरनाक थी यात्रा

इनकी यात्रा इसलिए भी खतरनाक थी क्योंकि यह उस जगह तक गए थे जहां, पिछले 50 साल में कोई अंतरिक्ष यात्री नहीं गया था। यह लोग ऑर्बिट में 1408.1 किमी दूरी तक गए थे। यह दूरी अंतरक्षि में स्थित इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से भी अधिक गहराई में स्थित है। गुरुवार को उनका अंतरिक्ष यान 434 मील तक नीचे लाया गया। यहां पर मिशन कमांडर इसाकमैन ने हैच को खोला और स्पेसवॉक किया। उन्होंने कैलिफोर्निया के हाथोर्न स्थित मिशन कंट्रोल को दिए अपने संदेश में कहा, स्पेसएक्स, घर पर वापस हम सभी के पास बहुत काम है, लेकिन यहां से, धरती निश्चित रूप से एक आदर्श दुनिया की तरह दिखती है। इसके बाद टीम ने जमकर सेलिब्रेट किया। वह कुछ मिनटों के बाद वापस अंदर चले गए और दूसरी अंतरिक्ष यात्री, स्पेसएक्स इंजीनियर सारा गिलिस बाहर आईं और उन्होंने अंतरिक्ष में चहलकदमी की।

#### वापसी रही चैलेंजिंग

इस मिशन का सबसे बड़ा चैलेंज था इसकी वापसी। स्पेसक्राफ्ट ने धरती के वायुमंडल में जब प्रवेश किया तो उसकी रफ्तार करीब 27000 किमी प्रति घंटे थी। हवा से टकराहट के बाद तापमान 1900 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका था। हालांकि स्पेसक्राफ्ट के नीचे लगी चार मीटर चौड़ी हीटशील्ड ने इसको बचाए रखा। नीचे आने के साथ इसकी रफ्तार पर काबू पाया गया। आखिर में पैराशूट खोले गए और पानी में लैंड कराया गया। एस्ट्रोनॉट्स को बाहर निकालने से पहले बचाव दल ने परीक्षण किए और उन्हें जमीन पर ले गए।





**रुद्रांश दर्पण धार धार से सुनील पागनिस** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त जी शर्मा का मां भारती का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया संगठन महापर्व भारतीय जनता पार्टी का सदस्य अभियान भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय वीडी शर्मा जी का राष्ट्रीय वापी सदस्यता अभियान को लेकर धार मिलन महल में कार्यक्रम में शामिल हुए विष्णु दत्त जी शर्मा भाई साहब का स्वागत भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज जी सोमानी द्वारा किया गया स्वागत की बेला में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह चौहान ने मां भारती का प्रतीक चिन्ह भेंट किया एवं स्वागत किया इस अवसर पर विष्णु दत्त जी शर्मा ने कार्यकर्ताओं से आवाहन किया कि हमें सर्व स्पर्शी एवं सर्वव्यापी के रूप में कार्य करना है तभी हमारा संगठन सशक्त होगा इस अवसर पर कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद शर्मा पूर्व कैबिनेट मंत्री रंजना बघेल पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव राजेश अग्रवाल पूर्व विधायक वेल सिंह भूरिया भाजपा के वरिष्ठ प्रभु राठौड़ जी किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह चौहान विश्वास पांडे निलेश भारती किसान मोर्चा महामंत्री रतनलाल पाटीदार कार्यालय प्रभारी जगदीश जाट शांतिलाल शर्मा शैलेंद्र चौरसिया कमलेश बिजवा एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता बंधु भगिनी एकत्रित हुए कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रकाश धाकड़ ने किया उक्त जानकारी किसान मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी रितेश अग्निहोत्री ने दी।

# पूज्य श्री रुपेन्द्रमुनिजी म.सा. की 26 वीं पुण्यतिथि पर सामूहिक एकासन तप के साथ गुणानुवाद सभा का आयोजन

**रुद्रांश दर्पण झाबुआ थांदला**

## श्रमण संघ के साहसिक सलाहकार थे करुणामूर्ति - संयतमुनिजी

थांदला। महापुरुषों का जीवन हमें उनकी गुण सौरभ ग्रहण कर उन्नति मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। ऐसे ही सरल व सादगी से संयम जीवन यापन करते हुए श्रमण संघीय सलाहकार रहे करूणामूर्ति पूज्य श्री रुपेन्द्रमुनिजी म.सा. ने अनेक आदर्श उपस्थित किये। आपकी कृपा व प्रेरणा से आपके लघु गुरुभ्राता जैनाचार्य पूज्य श्री उमेशमुनिजी म.सा. ने आपके रहते प्रवर्तक पद ग्रहण किया व उसका कुशलता से संचालन भी किया। आपको संस्कार गर्भ से ही मिले यह कहने में भी कोई अतिरेक नही है। पिता के पूर्व में अवसान होने के बाद व आपके बड़े भ्राता सुरेन्द्रमुनिजी के संयम लेने के बाद आप ने अपनी माता गेंदीबाई, बहन कमलामताजी व मासी की लड़की चांदकुंवर जी ने एक साथ दीक्षा ग्रहण की। आप अपने गुरु कविवर्य प्रवर्तक पूज्य श्री सूर्यमुनिजी म.सा. के अति विश्वासपात्र संत रहे उसका प्रमुख कारण आपके जीवन में कभी अहंकार भाव नही आये व अपने से छोटे गुरुभ्राता पूज्य श्री उमेशमुनिजी म.सा. अणु की प्रसिद्धि देखकर ही कभी हृदय में ईर्ष्या ने जन्म लिया। यही नही सभी गुरुभ्राताओं में आपसी प्रेम भी इतना था कि कभी किसी भी बात पर कोई विरोध भी देखने को मिला उक्त गुणानुवाद अणु वत्स पूज्य श्री संयतमुनिजी म.सा. ने विशाल धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए कहे। पूज्य श्री ने कहा कि उनकी कृपा से ही मैने प्रवचन देने की शुरुआत की व उनकी कृपा से ही मेरे संयम जीवन मे दृढ़ता आयी। अणुवत्स ने उनके शारीरिक पक्षघात रोग का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी असहाय वेदना को मैनें निकटता से देखा है वे ऐसे में भी आनन्दित थे व रोग को वेदनीय कर्म का उदय मान कर अपूर्व धैर्य से भोगते रहे। वर्ष 1997 में थांदला चातुर्मास के बाद भी 3 माह तक थांदला में विराजने के बाद वर्ष 1998 के झाबुआ वर्षावास के दौरान आज के दिन पूज्य श्री ने अपने इस नश्वर देह का त्याग किया। पूज्य श्री का सम्पूर्ण जीवन प्रेरणादायक रहा है आपकी छोटे सन्तों के प्रति वात्सल्यता व सेवा भी अनूठी रही। धर्म सभा में




आपने पाप कर्मों का विवेचन करते हुए कहा कि कृत पापों की वजह से जीव संसार में भटक रहा है जीव यहाँ भी अठारह प्रकार से क्रियामाण पाप कर रहा है जिससे उसका संसार बढ़ ही रहा है इसलिए उसे इससे निवृत्ति लेने की आवश्यकता है। पूज्यश्री ने कहा कि जीव जब तक संसार में है तब तक उसे चाहते हुए व न चाहते हुए भी पाप करना ही पड़ते है इससे वह बच नही सकता इससे बचने के लिए जीव को संयम मार्ग पर प्रविष्ठ होना ही पड़ेगा तभी वह पाप कर्म से बच सकता है व धर्म मार्ग पर अग्रसर हो कर एक दिन संसार से मुक्त भी हो सकेगा। धर्म सभा में ओजस्वी वक्ता पूज्य श्री आदित्य मुनिजी ने कहा कि जीव ने माया व वक्रता से अपना ही नुकसान किया है आज वह जहाँ खड़ा है इस माया व वक्रता से उसकी गति बिगड़ रही है। जीव को धर्म अच्छा नही लगता जबकि पाप में रमणता उसे माया व वक्र बनाती है यदि वह ऐसा ही करता रहेगा तो अधम गति का मेहमान बन जायेगा। पूज्यश्री ने कहा कि जीव जब पाप भीरू बनेगा तभी धर्म का पात्र बन पाएगा व इस संसार परिभ्रमण से मुक्त भी हो पायेगा। गुरुदेव के पुण्य स्मरण करते हुए 100 से अधिक तपस्वियों ने सामूहिक एकासन तप की आराधना की जिसकी व्यस्वथा श्रीसंघ द्वारा स्थानीय महावीर भवन पर की गई। गुरुदेव की पुन्यस्मृति में अन्य श्रावक - श्राविकाओं ने 11-11 सामायिक की आराधना की जिसकी प्रभावना का लाभ शांताबाई नाकुसेठ परिवार ने लिया।

**गुजरात मध्यप्रदेश के श्रद्धालुओं ने आकर गुरुदेव से क्षमायाचना की** क्षमा प्रधान जैन धर्म में संवत्सरी महापर्व के बाद अनेक श्रावक - श्राविकाओं द्वारा गुरुभगवंतों के पास जाकर उनसे भी वार्षिक क्षमायाचना की जाती है। इसी क्रम में आज गुजरात प्रान्त के लिमड़ी, दाहोद मध्यप्रदेश प्रान्त के रतलाम, बड़वाह, झाबुआ, इंदौर आदि अन्य स्थानों के श्रावक श्राविकाओं ने आकर संयत गुरुवर सहित विराजित संत मण्डल व निखिलशीलाजी आदि साध्वी मण्डल के साथ स्थानीय संघ से क्षमायाचना की। इस अवसर पर रतलाम से सौरभ मूणत ने व लिमड़ी के दीपेश भाई श्रीमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए संघरूप में सामूहिक क्षमायाचना की। धर्म सभा का संचालन संघ सचिव प्रदीप गादिया ने किया उक्त जानकारी संघ प्रवक्ता पवन नाहर ने दी। इस अवसर पर 71 वर्षीतप आराधकों के सामूहिक पारणें भी संघ द्वारा करवाये गए जिसका लाभ सचिन प्रकाशचंद्र बोथरा परिवार ने लिया।

**जैनम ग्रुप का 96वाँ रविवारीय शिविर सम्पन्न** थांदला में जैनम ग्रुप 12 से 20 वर्ष के बच्चों का एवं श्री महावीर जैन पाठशाला के बच्चों का रविवारीय शिविर विराजित अणुवत्स पुज्यश्री संयतमुनिजीजी म.सा. आदि ठाणा - 4 व पूज्य श्री निखिलशीलाजी म.सा. आदि ठाणा - 4 के पावन सानिध्य में रविवार दोपहर 02.00 से 03.00 तक स्थानीय पौषध भवन (स्थानक) पर आयोजित किया जा रहा है। जानकारी देते हुए शिविर व पाठशाला संचालिका अनुपमा श्रीश्रीमाल, प्रिया व्होरा ने बताया कि आज जिसके अंतर्गत आज रविवार को 96 वाँ शिविर आयोजित किया गया जिसमें करीब 50 बच्चों ने धर्म आराधना का लाभ लिया। रमेशचंद्र सवाईसिंहजी शाहजी परिवार द्वारा सभी शिविरार्थी बच्चों को प्रभावना व स्वल्पाहार का लाभ लिया गया।

# जलझूलनी एकादशी के पर्व पर बाल गोपाल की निकाली गई भव्य शोभायात्रा



**रुद्रांश दर्पण झाबुआ राजेश बैरागी**

झाबुआ- भगोर जल झूलनी एकादशी के पर्व पर बाल गोपाल श्री कृष्ण की मनोहरी झांकी को डोल में बिठा पूरे भगोर में नगर भ्रमण करवाया गया । पश्चात ग्राम की नेगडी नदी पर स्नान करवाया गया ।डोल ग्यारस के अवसर पर श्री कृष्णा के बाल रूप में डोल में बिठा धूमधाम से बैंड बाजो के साथ नगर में भ्रमण करवाया गया ।और साथ में ग्रामवासी गरबे एवं भजनों पर मनोहारी नृत्य करते हुए पूरे ग्राम को भक्ति मय कर दिया ।गणेश मित्र मंडल भगोर के सभी युवा साथियों ने इस आयोजन में अपना सहयोग प्रदान किया । और लगभग 3:00 बजे प्रारंभ हुई है यह भव्य शोभायात्रा शाम 6:00 बजे समाप्त हुई। साथ ही ग्राम के पारंपरिक प्रथा के अनुसार गणपति बप्पा का भी विसर्जन किया गया । इससे पूर्व पूरे 10 दिनों से इस गणेश उत्सव कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई थी ।जैसे की चेयर रेस , नींबू रेस थेला रेस , गणपति तिलक, डांस प्रतियोगिता , गरबा रास आदि के विजेता प्रतिभागियों को समिति की ओर से पुरस्कार प्रदान किए गए । वही ग्राम के विपिन पांचाल की ओर से सभी प्रतिभागियों को नगद पारितोषिक प्रदान किया गया ।इस पूरे कार्यक्रम में पुजारी ईश्वर दास बैरागी, विष्णु दास बैरागी , शुभम बैरागी अमृत नायक , राजेश बैरागी आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

# स्वच्छता की सेवा अभियान को लेकर की गई छात्र छात्राओं से चर्चा

**रुद्रांश दर्पण झाबुआ राजेश बैरागी**

झाबुआ... स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 को लेकर आज छात्र-छात्राओं से विस्तार से चर्चा की गई। गौर तलब है कि शुक्रवार को झाबुआ कलेक्टर महोदया नेहा मीना जी द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद को स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के अंतर्गत महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गई उसी कड़ी में आज मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद झाबुआ के जिला समन्वयक भीम सिंह डामोर के निर्देशन में कार्य किया गया । और मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला झाबुआ द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत एमएसडब्ल्यू एवं बी एस डब्ल्यू के छात्र-छात्राओं से स्वच्छता ही सेवा के संबंध में




ब्लॉक समन्वयक तोलिया डामोर द्वारा सभी को इस अभियान में जुटने हेतु संकल्प दिलवाया गया। यह अभियान 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा । जिसमें स्वच्छता से संबंधित सभी कार्य संपादित किए जाएंगे । इस हेतु सभी विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारियां प्रदान की गई है। मध्य प्रदेश से अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर , प्रस्फुटन समितियां एवं मेंटर्स , छात्र- छात्रा सभी मिलकर अपने क्षेत्र में ग्राम पंचायत का सहयोग कर सहायता करेंगे प्रदान करेंगे । पाठ्यक्रम मेंटर्स प्रकाश मेड़ा ने छात्रों को इस संबंध में आवश्यक जानकारी देते हुए बताया कि स्वभाव स्वच्छता और संस्कार स्वच्छता क्या होती है हमें लोगों में स्वच्छता का स्वभाव लाना आवश्यक होगा तो ही उनमें स्वच्छता के प्रति संस्कार पैदा होगा । आप छात्र-छात्राओं को लोगों को के मन में परिवर्तन लाना आवश्यक है। मेंटर्स राजेश बैरागी ने छात्र-छात्रा ओ को बताएं कि आपके क्षेत्र में स्वच्छता हेतु गंदगी वाली जगह चयनित करें। लोगों को गंदगी दूर करने हेतु श्रमदान हेतु प्रेरित करें । गंदगी ना करने हेतु संकल्प भी दिलवाएं । इसमें सहायता हेतु अपने ग्राम के सरपंच सचिव तडवी आदि की भी मदद लेवे और और स्वच्छता हेतु कार्य करें। स्वच्छता अभियान में कार्य करने हेतु मेंटर्स विनीता पवार, अंतिम कलवार, पवन परमार ने भी अपने स्तर पर छात्र-छात्राओं को समझाइस प्रदान की । बताया की प्रशंसनिय कार्य करने पर आपको कलेक्टर महोदय के हाथों से प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे ।

# नेशनल लोक अदालत का हुआ सफल आयोजन



**रुद्रांश दर्पण बालाघाट**

## प्री-लिटिगेशन के 1186 के साथ 403 लंबित प्रकरणों का हुआ निराकरण

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री दिनेश चन्द्र थपलियाल के मार्गदर्शन में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला न्यायालय बालाघाट में 7 खण्डपीठ का गठन किया गया है। जिसमे सिविल न्यायालय बैहर के लिए 03 खण्डपीठ, सिविल न्यायालय कंटगी के लिए 02, लांजी के लिए 1 तथा सिविल न्यायालय वारासिवनी के लिए 6 खंडपीठों का गठन किया गया है। इस प्रकार संपूर्ण जिले में 19 न्यायिक खण्डपीठों का गठन किया गया। न्यायालयों में लंबित प्रकरणों मे आपराधिक शमनीय प्रकरण, पराक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक/मनी रिकवरी संबंधी मामलें, एम.ए.सी.टी. प्रकरण (मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण), वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण एवं जल कर/विद्युत चोरी सहित शमनीय प्रकरण और दीवानी इत्यादि विभिन्न प्रकृति के महत्वपूर्ण मामले रखे गये। इसके अलावा प्री-लिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) के अंतर्गत बैंक रिकवरी संबंधी मामले तथा विद्युत एवं जल कर/बिल संबंधी (सिर्फ शमनीय प्रकरण), आपराधिक शमनीय प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, दीवानी इत्यादि सभी प्रकार के मामले लोक अदालत में निराकरण हेतु विचारार्थ रखे गए। इस तरह प्री-लिटिगेशन के कुल 9262 प्रकरणों में 1186 प्रकरणों का निराकरण किया गया। साथ ही 3650 लंबित प्रकरणों में 403 का निराकरण संभव हो सका।

**इनकी रही उपस्थिति**इस दौरान विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी एक्ट) श्री कालूसिंह बारिया, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री अजय कांत पांडे, जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सुरेन्द्र सिंह गुर्जर, कलेक्टर श्री मृणाल मीणा, अति. पुलिस अधीक्षक श्री विजय डाबर, जिला एवं सत्र न्यायाधीष श्री उत्तम कुमार डार्वी, विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) श्रीमती नौशीन खान, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री मनीष सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्री विकास विश्वकर्मा, श्री भूपेन्द्र सिंह, श्री अविनाष छारी, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेन्द्र मोहन धुर्वे ,एवं समस्त बैंक, बीमा, पुलिस विभाग के अधिकारीगण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,न्यायालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# कलेक्टर द्वारा विसर्जन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था एवं सुविधाओं का निरीक्षण किया गया

**रुद्रांश दर्पण झाबुआ**

**छोटी मूर्तियों के ससम्मान विसर्जन के लिए कलेक्शन स्टॉल पर समुचित व्यवस्था की जाए - कलेक्टर**

कलेक्टर नेहा मीना द्वारा किशनपूरी में मध्यप्रदेश टूरिज्म मोटेल के पास अवस्थित विसर्जन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था एवं सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया कि विसर्जन के दौरान कोई अप्रिय घटना ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही विसर्जन स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना हो, भीड़ प्रबंधन पर ध्यान दिया जाए, बैरिकेडिंग की व्यापक व्यवस्था हो , शहर का यातायात प्रबंधन और ट्रैफिक कंट्रोल हो जिससे विसर्जन करने आने वाले और आम जनता को परेशानी ना हो। इसी के साथ कलेक्टर नेहा मीना और पुलिस अधीक्षक श्री पद्म विलोचन शुक्ल द्वारा अपील की गई कि माध्यम और बड़ी मूर्ति के विसर्जन हेतु किशनपुरी स्थित विसर्जन स्थल पर ही आए। छोटी मूर्तियों के लिए शहर में चार कलेक्शन स्टॉल बनाए गए है जो राजवाड़ा , बस स्टेंड गांधी जी प्रतिमा , राजगढ़ नाका , मेघनगर नाका में बनाए गए हैं। जिसके लिए सीएमओ झाबुआ श्री संजय



पाटीदार को निर्देशित किया गया कि छोटी मूर्तियों का ससम्मान विसर्जन की व्यवस्था की जाए । इसी के साथ एसडीएम श्री सत्यनारायण दर्रो और एसडीओपी श्रीमती रूपरेखा यादव से संपूर्ण विसर्जन जुलूस एवं यातायात व्यवस्था का रूट चार्ट बना कर जनता तक पहुंच सुनिश्चित की जाए। इसी की साथ पूरे जुलूस मार्ग में आने वाले किसी भी लटके हुए तारों एवं गड्ढों का पैच वर्क किया जाए। एसडीएम श्री दर्रो द्वारा बताया गया कि विसर्जन के दिन शहर में आने वाले भारी वाहनों एवं अंतरराज्यीय बसों का मार्ग परिवर्तित कर देवझिरी से मेघनगर नाका होकर बस स्टैंड तक पहुंच सकते हैं। निरीक्षण के दौरान प्रभारी अपर कलेक्टर श्री जितेंद्र सिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पी एल कुर्वे एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जिला अस्पताल पहुंचकर पीएम जन औषधी केन्द्र की तैयारियों का लिया जायजा



**रुद्रांश दर्पण बैतूल**

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने रविवार को जिला अस्पताल पहुंचकर प्रधानमंत्री जन औषधी केन्द्र के शुभारंभ हेतु की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सीएमएचओ डॉ. रविकांत उइके, सिविल सर्जन डॉ. अशोक बारंगा एवं डॉ.अरुण जयसिंहपुरे से प्रधानमंत्री जन औषधी केन्द्र की व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में प्रधानमंत्री जन औषधी केन्द्र का शुभारंभ किया जा रहा है।

# अन्न प्रोत्साहन के लिये कृषि अधिकारियों का हुआ संयुक्त भ्रमण

**रुद्रांश दर्पण जबलपुर**

श्रीअन्न को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कृषि अधिकारियों ने पाटन विकासखंड के ग्राम कुकरभुका के प्रगतिशील कृषक श्री राम नरेश पटेल के खेत पर उनके द्वारा लगाई गई कोदो फ़सल का अवलोकन किया। कृषक श्री पटेल ने कृषि विभाग पाटन से नेशनल फ़ूड सिक्योरिटी मिशन न्यूट्रिसिरियल योजना अंतर्गत प्राप्त कोदो जे के 137 क़िस्म का प्रदर्शन लिया है । परंपरागत रूप से किसान कोदो फ़सल को छिटकवा बोनी करते हैं और फसल को विशेष ध्यान भी नहीं देते है । श्री पटेल ने बताया कि उन्होंने कोदो की बोनी 20 जुलाई को न्यूमेटिक सीड ड्रिल से रेज़्ड बेड पर करवाई थी। जिसमें लाइन से लाइन की दूरी 7 इंच और पौधे से पौधे की दूरी 4 इंच रखी गई है। प्रत्येक 4 क़तार के बाद जल निकासी के लिए नाली भी बनाई गई है। कृषक द्वारा बताया गया वह पूरी तरह से जैविक फसल ले रहे है। फसल में उनके द्वारा किसी भी प्रकार के उर्वरक का उपयोग नहीं किया गया है। मात्र एक बार जैविक ट्राइकोडराम का छिड़काव किया है और मजदूरो से खरपतवार की निदाई करवाई है।

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के डायरेक्टर रिसर्च डॉ कोतू ने बताया कि सामान्यत: कोदो का उत्पादन 3 से 4 क्विंटल प्रति एकड़ मिलता है, लेकिन श्री पटेल की उन्नत तरीक़े से लगाई फसल देखकर लग रहा है, कि उत्पादन लगभग 12 से 13 क्विंटल प्रति एकड़ मिलने की संभावना है। संयुक्त संचालक कृषि श्री नेताम कृषक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संभाग के सभी जिलो के किसानों को श्री पटेल के खेत पर भ्रमण करवाए जाने की बात कही, जिससे अन्य किसान भी उन्नत विधि से श्री अन्न फ़सलो को लगाकर अधिक उत्पादन प्राप्त कर सके। उप संचालक कृषि डॉ. एसके निगम ने उपस्थित किसानों से रासायनिक खेती के दुष्परिणाम पर चर्चा करते हुए प्राकृतिक खेती अपनाने की सलाह दी ।अनुविभागीय अधिकारी डॉ त्रिपाठी द्वारा किसानों को कुछ भूमि का जैविक प्रमाणीकरण कराने के लिए प्रोत्साहित किया। जिससे उन्हें उनके द्वारा उत्पादित जैविक उत्पादों का सही मूल्य मिल सके।






**रुद्रांश दर्पण इन्दौर** कलेक्टर श्री आशीष सिंह एवं निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर बेसमेंट में पार्किंग के स्थान पर अन्य उपयोग करने पर निगम की सील करने की कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में आज जोन क्रमांक 13 भोलाराम उस्ताद मार्ग पर गिरिराज टावर 13 विष्णुपुरी मे तथा 3 नेमा नगर में बेसमेंट में पार्किंग की जगह अन्य व्यावसायिक उपयोग करने पर दुकान सील करने की कार्यवाही की गई है।

# जहाजपुर में मस्जिद सीज, हालात तनावपूर्ण, बाजार दूसरे दिन भी बंद

जयपुर। भीलवाड़ा। देशभर में गणेश महोत्सव की धूम मची हुई है लेकिन इस गणेश महोत्सव की धूम के बीच ही सांप्रदायिकता क लगाई गई है। इस गणेश महोत्सव के दौरान गुजरात और उत्तर प्रदेश में पथराव और सांप्रदायिक तनाव के बाद अब राजस्थान के भीलवाड़ा और शाहपुरा जिले तक पहुंच गई है । भीलवाड़ा जिले के उपनगर सांगानेर में गणेश महोत्सव के दौरान पंडाल में चल रहे कार्यक्रम के बीच पतराव की घटना से सांप्रदायिक तनाव हो गया वहीं शाहपुर जिले के जहाजपुर नगर में जलझूलनीनी एकादशी पर निकल जा रहे भगवान के बेवाण अर्थात शोभायात्रा पर मस्जिद से पत्थर की घटना के बाद सांप्रदायिक तनाव हिंसक और आगजनी की घटित हो गई। यह तनाव आज दूसरे दिन भी लगातार बना हुआ है जहाजपुर के बाजार आज दूसरे दिन भी बंद रहे वहीं शाहपुरा जिले के कुछ गांव में भी बाजार बंद रहे और इस घटना को लेकर शाहपुरा जिले और भीलवाड़ा जिले में हिंदू संगठनों में आक्रोश है और हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। शाहपुरा जिले के जहाजपुर उपखंड मुख्यालय पर हर साल की तरह इस साल भी जलझूलनी एकादशी पर 14 सितंबर को भगवान पीतांबर का वेबाण 68 शोभायात्रा निकाली जा रही थी जो शहर के मुख्य बाजार से होते हुए गढ़ पर जाकर समाप्त होती है भगवान को जल विहार कराया जाता है जब शोभा यात्रा मस्जिद के रास्ते से निकल रहे थे तभी अचानक मस्जिद से पथराव शुरू हो गया इससे बगदाद मच गई बताया जाता है कि इससे पूर्व कुछ ही दूरी पर दुकान पर खड़े मुस्लिम समुदाय के कुछ युवा कौन है शोभायात्रा में शामिल कुछ लड़कों के साथ



मारपीट भी की और उसके 15 मिनट बाद मस्जिद से शोभायात्रा पर पत्थर हो गया और इस पत्र से भगदड़ मच गई इस पात्रवाल की घटना में जहां श्रद्धालुओं के साथ-साथ शोभायात्रा में कानून व्यवस्था के लिए चल रहे पुलिस कर्मियों के भी छोटे आई इस घटना के बाद नगर में तनाव फैल गया और जहाजपुर से भाजपा के विधायक गोपीचंद मीणा मौके पर पहुंच गए और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए तथा वहीं पर भजन कीर्तन चालू कर दिया जो आज दूसरे दिन भी जारी था।इधर पुलिस और जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए मस्जिद को तत्काल सील कर दिया और मस्जिद से संपत्ति संबंधी दस्तावेज 24 घंटे के अंदर मांगे हैं जो खबर लिखे जाने तक नहीं मिले थे उधर पुलिस ने इस पत्थर की घटना में एक महिला सहित 12 जनों को हिरासत में ले लिया है। दूसरी और विधायक गोपीचंद मीणा और हिंदू संगठनों का आरोप है कि जब तक इस घटना में शामिल मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की जाति तथा संपत्ति पर बुलडोजर नहीं चलाया जाता धरना समाप्त नहीं होगा और आज दूसरे दिन भी बेवाण यथा स्थिति पर ही विराजित रहा। आज जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत पुलिस अधीक्षक तथा से प्रशासन के अन्य अधिकारी प्रदूषण कार्यों और विधायक गोपीचंद मीणा से एक बंद कमरे में बैठकर समझा इसके लिए वार्ता कर रहे हैं लेकिन अभी तक वार्ता सफल नहीं हो पाई है। उधर दूसरी और इस घटना को लेकर शाहपुरा के ढीकोला में भी शक्ल हिंदू समाज में इस घटना को लेकर जबरदस्त आक्रोश और विद्रोह विरोध प्रदर्शन करते हुए बाजार बंद रखें तथा उग्र प्रदर्शन करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाद जमकर नारेबाजी भी की और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया तथा चेतावनी दी हैं।

## भीलवाड़ा सहित 20 जिलों में 17 से फिर बारिश का अलर्ट जारी

जयपुर। राजस्थान में पिछले तीन-चार दिन से बारिश का दौर थम है इससे आमजन की राहत की सांस ली लेकिन तेज धूप और उमस ने इतनी बारिश के बाद भी आमजन को बहाल कर दिया है अब एक बार फिर मौसम करवट लेने वाला है और 17 सितंबर से 3 दिन तक प्रदेश के भीलवाड़ा जिले से 20 जिलों में बारिश का यह को अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने राजस्थान में 17, 18 और 19 सितंबर के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। 17 सितंबर को चार जिले अलवर, बांसवाड़ा, बारां और भरतपुर जिले में बारिश में बारिश होने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। 18 सितंबर को अलवर, बांसवाड़ा, बारां, भरतपुर, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, दौसा, धौलपुर, डूंगरपुर, झालावाड़, करौली, प्रतापगढ़ और सवाई माधोपुर जिले में बारिश होने के आसार हैं। 19 सितंबर को अलवर, बांसवाड़ा, बारां, भरतपुर, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, दौसा, जयपुर, झालावाड़, धौलपुर, डूंगरपुर, करौली, कोटा, प्रतापगढ़, राजसमंद और सवाईमाधोपुर जिले में बारिश होने की भविष्यवाणी मौसम विभाग ने की है। 2023 में राजस्थान में 25 जून को मानसून का आगमन हुआ था और 3 अक्टूबर को विदाई हुई थी। लेकिन इस बार जयपुर मौसम केंद्र की तरफ से मौसम की विदाई कब होगी। इसको लेकर कुछ नहीं कहा गया है माना जा रहा है कि इस बार मानूसन की विदाई देरी से होगी। 2001 से अब तक की बात करें तो 2013 में मानसून की विदाई 17 अक्टूबर को सबसे देरी से हुई थी। इस बार राजस्थान में वर्षों बाद बहुत अच्छी बारिश देखने को मिली है। राजस्थान में 15 सितंबर तक कुल 652.74 एमएम बारिश हो चुकी है। राजस्थान के कुल 691 बांधों में से बीसलपुर बांध सहित 387 पूरी तरह से भर चुके हैं। वहीं 197 में आंशिक रूप से जलभराव हुआ है तो रामगढ़ बांध सहित कुल 107 बांध रीते है

## विधायक जुबेर खान को रामगढ़ में किया गया सुपुर्द ए खाक, जनाजे में उमड़ा जनसैलाब

अलवर। रामगढ़ विधानसभा से चार बार विधायक रहे जुबेर खान के निधन के बाद उन्हें कर्मभूमि रामगढ़ में सुपुर्द ए खाक किया गया । शनिवार को दोपहर 3 बजे के करीब जुबेर खान का पार्थिव देह काफिले के साथ रामगढ़ के गुरुद्वारा मोड पहुंचा। जहां से पार्थिव देह को गाड़ी से उतारकर वहीं से ही जनाजा निकालते हुए तहसील रंगमंच,मुख्य बाजार से होते हुए बालोतनगर से इंडियन गैस गोदाम के पास पहुंचा । जनाजे के साथ नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली व वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा मौजूद रहे । इंडियन गैस एजेंसी गोदाम के पास जुबेर खान के निजी फार्म हाउस पर सुपुर्द ए खाक किया गया जहां पर प्रदेश अध्यक्ष



गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह,पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत, करौली सांसद भजनलाल जाटव, भरतपुर सांसद संजना जाटव, पूर्व चिकित्सा मंत्री रघु शर्मा,पूर्व कैबिनेट मंत्री शकुंतला रावत,पूर्व सांसद डॉक्टर करण सिंह यादव, पूर्व तिजारा विधायक संदीप यादव,प्रदेश कांग्रेस सचिव बलराम यादव तमाम कांग्रेस व भाजपा के दिग्गज नेता मौजूद रहे । जुबेर खान के बेटे आदिल खान व आर्यन खान ने पिता को सुपुर्द ए खाक किया गया । जुबेर खान की अंतिम यात्रा में हरियाणा राजस्थान उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों के कांग्रेस के दिग्गज नेता शामिल हुए । वही व्यवस्था अंतिम विदाई की व्यवस्था बनाने के लिए एडिशनल एसपी तेज सिंह भारी पुलिस बल के साथ अंतिम यात्रा के दौरान शामिल हुए । इस मौके पर भाजपा नेता जय आहूजा, जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर,नगर निगम मेयर घनश्याम गुर्जर, अनूप शर्मा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामगढ़ रामगढ़ ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री अजय भारद्वाज अमित भारद्वाज पत्रकार पार्षद प्रतिनिधि नगर पालिका रामगढ़ विमलचंद जैन वरिष्ठ कांग्रेस नेता झम्मनलाल सोनी अनिल जैन संदीप जैन भूतपूर्व सैनिक जयराम मीणा मनोज खंडेलवाल भुवनेश साहू सतीश गुर्जर जिला अध्यक्ष छात्र संघ शौकत खान राजू मीणा कालू मनचंदा प्रदीप मित्तल कौशल किशोर जैनप्रधान नसरू खान, जयसिंह जाटव, तमाम नेता व पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे

## केंद्रीय कानून मंत्री ने पेमासर में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास



**अनूपगढ़/बीकानेर।** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शनिवार को पेमासर पंचायत समिति में 3 करोड़ 34 लाख रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण - शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेघवाल ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य सरकार के साथ मिलकर ग्रामीण क्षेत्र में भी विकास के नए सोपान स्थापित कर रही है। ग्रामीण क्षेत्र में सड़क, पानी, बिजली के ढांचागत विकास के साथ शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित करने हेतु सरकार संकल्पबद्ध होकर काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि पेमासर में बरसाती पानी की निकासी के लिए सीवर लाइन डालने का कार्य पूर्ण होने से ग्रामीणों को यहां शहर जैसी सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत पेमासर और विधायक निधि कोष तथा मनरेगा के सहयोग से इस कार्य पर करीब एक करोड रुपए खर्च किए गए हैं। साथ ही उच्च जलाशय के निर्माण से ग्राम पंचायत और आसपास के क्षेत्र में पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी, इससे हजारों ग्रामीणों को पेयजल किल्लत का सामना नहीं करना पड़ेगा। जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा करीब 1 करोड़ 32 लाख रुपए की लागत से यह जीएलआर से जल जीवन मिशन अभियान के तहत बनाया गया है। इसे हर घर नल कनेक्शन सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत, बीडीओ बीकानेर भौम सिंह इन्दा, जिला परिषद के अधीक्षण अभियंता धीर सिंह गोदारा सहित अन्य विभागों के अधिकारी, अन्य गाम पंचायतो के सरपंच और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## अभिनव पहल क्षमता वृद्धि के लिए नॉलेज एनहांसमेंट प्रोग्राम के तहत विदेश जाएंगे किसान

अनूपगढ़ / बीकानेर। किसानों की क्षमता वर्धन के लिए नालेज एन्हांसमेंट प्रोगाम के तहत आवेदन तिथि बढ़ाकर 25 सितम्बर की गई है। अतिरिक्त निदेशक कृषि डॉ सुरेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि कृषक कल्याण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। खेतों में लागत की कमी और उत्पादन में वृद्धि के साथ किसानों का आर्थिक सशक्तीकरण सरकार का प्रमुख उद्देश्य है। इसे ध्यान रखते हुए नॉलेज एनहांसमेंट प्रोग्राम के तहत प्रदेश से 100 प्रगतिशील युवा किसानों को विदेश यात्रा पर भेजने का निर्णय लिया गया है। बीकानेर संभाग से भी 67 किसानों ने विदेश यात्रा पर जाने हेतु आवेदन किया है। उद्यान आयुक्तालय जयपुर द्वारा अब आवेदन की अंतिम तिथि बढाकर 25 सितम्बर कर दी गई है। इच्छुक किसान राजकिसान साथी पोर्टल पर 25 सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। कृषि अधिकारी मुकेश गहलोत ने बताया कि उद्यान आयुक्तालय ने किसानों के चयन के मापदंड में कुछ संशोधन भी किये है। पहले जोत के आकार एक हेक्टर न्यूनतम पात्रता रखी गई थी अब अजा, अजजा व महिला किसानों को उचित प्रतिनिधित्व दिए जाने के मध्य नजर इस श्रेणी हेतु जोत 0.5 हेक्टेयर किया गया है साथ ही इस श्रेणी के कृषकों हेतु 05 अतिरिक्त बोनस स्कोर का प्रावधान भी किया गया है। युवा कृषक का भू स्वामित्व पिता के नाम होने की स्थिति में नोशनल शेयर के आधार पर भू स्वामित्व हेतु विचार किया जाएगा। कृषि पशुपालन क्षेत्र के विभिन्न तकनीकी नवाचारों में प्राप्त सभी तरह के पुरस्कार चयन प्रक्रिया हेतु स्वीकार किया जा सकते हैं। यदि किसान ने लाइवस्टॉक या कृषि डिप्लोमा कर रखा है तो इससे मापदंड में स्नातक के समान माना जाएगा। परियोजना निदेशक आत्मा कैलाश चौधरी ने बताया कि प्रचार प्रसार, कृषक आवेदन, आवेदन परीक्षण तथा कृषक चयन प्रक्रिया में अतिरिक्त निदेशक कृषि की अध्यक्षता में कमेटी गठित की गई है। जिसमें उद्यान, पशुपालन, परियोजना निदेशक आत्मा के साथ-साथ जिला कलक्टर प्रतिनिधि द्वारा किसानों का अंतिम चयन किया जाएगा।

## सफदरजंग अस्पताल ने मरीजों के लिए अत्याधुनिक एमआरआई मशीन का अनावरण किया

राजस्थान। नई दिल्ली / सफदरजंग अस्पताल को अपनी नई 3 टेस्ला एमआरआई मशीन के उद्घाटन की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है, जो मरीजों के कल्याण और उन्नत चिकित्सा देखभाल के लिए अस्पताल की निरंतर प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। रेडियोडायग्नोसिस विभाग में स्थापित नई एमआरआई मशीन, डायग्नोस्टिक तकनीक में नवीनतम उन्नति का प्रतिनिधित्व करती है। बेहतर इमेजिंग क्षमताओं के साथ, मशीन कई तरह की स्थितियों के निदान में बेहतर सटीकता का वादा करती है। यह अपग्रेड मरीजों को अधिक सटीक निदान प्रदान करने और डायग्नोस्टिक प्रक्रिया की समग्र दक्षता में सुधार करने के लिए तैयार है। इसका उद्घाटन चिकित्सा अधीक्षक डॉ वंदना तलवार, प्रिंसिपल, डॉ गीतिका खन्ना और एएमएस डॉ पीएस भाटिया, डॉ आरपी अरोड़ा, डॉ के. सूरी और डॉ जे. मणि और डॉ के. कुमार ने किया। यह प्रतिष्ठित अस्पताल की निरंतर शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाता है। रेडियोडायग्नोसिस विभाग की एचओडी डॉ. अमिता मलिक ने कहा, इस उन्नत एमआरआई मशीन की शुरुआत हमारे मरीजों को उच्चतम गुणवत्ता वाली देखभाल प्रदान करने के प्रति हमारे समर्पण को रेखांकित करती है। इसकी उन्नत इमेजिंग तकनीक के साथ, हम अधिक सटीक निदान प्रदान करने में सक्षम होंगे, जिससे अधिक प्रभावी उपचार योजनाएँ और बेहतर रोगी परिणाम प्राप्त होंगे। नई एमआरआई मशीन रोगी को लाभान्वित करेगी और प्रतीक्षा समय को काफी कम करेगी। चिकित्सा



अधीक्षक डॉ. वंदना तलवार ने आश्वासन दिया। एमआरआई मशीन में नवीनतम सुविधाएँ हैं, जिसमें उच्च रिज़ॉल्यूशन इमेजिंग और तेज़ स्कैनिंग समय शामिल हैं, जो रोगी की असुविधा और प्रतीक्षा समय को कम करता है। इस तकनीकी उन्नति से अस्पताल की नैदानिक सेवाओं में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे रोगियों को समय पर और सटीक देखभाल मिल सके। सफदरजंग अस्पताल उन्नत तकनीक में निवेश करने और देखभाल के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। नई एमआरआई मशीन इस प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो रोगी देखभाल की गुणवत्ता को बढ़ाने और समुदाय में स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने के अस्पताल के मिशन का समर्थन करने का वादा करती है।

## कांग्रेस के स्थापना दिवस पर प्रदेश मुख्यालय पर सदस्यता अभियान का आगाज किया गया


राजस्थान। महिला कांग्रेस की स्थापना दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर सदस्यता अभियान का आगाज हुआ इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस की नव नियुक्त प्रभारी नूरी खान जी एवं राजस्थान प्रदेश को महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती राखी गौतम जी के नेतृत्व में कांग्रेस महिला कांग्रेस के प्रदेश पदाधिकारी जिला अध्यक्ष एवं महिला कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करके आने वाले दिनों में प्रदेश की महिलाओं को सशक्त एवं एवं अधिक से अधिक महिलाओं को कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से जोड़कर अधिक से अधिक सदस्य बनाकर



कांग्रेस को मजबूत करने के लिए सकारात्मक चर्चा हुई साथ जिला अध्यक्ष रेखा हिरण ने स्थापना दिवस की प्रभारी नूरी खान एवम प्रदेश अध्यक्षा राखी गोतम को माला पहनाकर बधाई दी इस अवसर पर प्रदेश पदाधिकारी जिला महिला अध्यक्ष एवम ब्लॉक अध्यक्ष जिला पधाधिकारी एवं महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता मौजूद रही।

## खाद्य व्यापार संघ हनुमानगढ़ कमेटी का गठन, रायसिंह मील सचिव नियुक्त किए गए

हनुमानगढ़। रावतसर / खाद्य व्यापार संघ हनुमानगढ़ जिले की कमेटी का गठन किया गया । जिसमें जिला अध्यक्ष अजय सर्राफ ने राजस्थान खाद्य व्यापार संघ के प्रदेशाध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता व जिले के समस्त मंडी व्यापारियों से विचार विमर्श कर कमेटी का गठन किया गया । जिसमें रावतसर व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष रहे धन्नासर ग्राम पंचायत के केसरदेसर निवासी रायसिंह मील को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गयी । इस अवसर पर दैनिक प्रात्संकलन के हनुमानगढ़ ब्यूरो चीफ बुधराम सुथार ने मिलकर उन्हें नई ज़िम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं। वही उनके जानकार इष्ट मित्रों व रिश्तेदारों ने बधाइयां दी और शुभकामनाओं का तांता लग गया इस पर रायसिंह मील ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# केजरीवाल की रिहाई से हरियाणा चुनाव पर क्या होगा असर?



जेल से रिहाई के बाद अरविंद केजरीवाल हरियाणा में चुनाव लड़ रहे 'आप' प्रत्याशियों के लिए प्रचार करने के लिये स्वतंत्र हैं, लेकिन वे शराब घटाले के मामले के गुण-दोष को लेकर कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं कर सकेंगे। साथ ही सामान्य रूप से वे मुख्यमंत्री के रूप में अपने दायित्वों का भी पालन नहीं कर सकेंगे। बहरहाल, इन सीमाओं और शर्तों के बावजूद उनकी पार्टी राहत की सांस ले सकती है। निस्संदेह, रिहाई से हरियाणा में पार्टी के उम्मीदवारों का मनोबल बढ़ेगा।


कई महीने जेल में गुजारने के बाद आखिरकार आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिल ही गई। लेकिन हरियाणा विधानसभा चुनाव से महज कुछ हफ्ते पहले हुई इस रिहाई की राजनीतिक चश्मे से अलग-अलग व्याख्या की जा रही है। भले ही फैसले से आम आदमी पार्टी ने राहत की सांस ली हो, लेकिन जमानत के विरोध को लेकर सीबीआई की विश्वसनीयता पर भी प्रश्न उठे हैं। शीर्ष अदालत ने केजरीवाल को शराब घोटाले में सीबीआई द्वारा दर्ज मामले में यह जमानत दी है। हालांकि, अब केजरीवाल हरियाणा में चुनाव लड़ रहे आप उम्मीदवारों के लिये प्रचार करने के लिये स्वतंत्र हैं, लेकिन वे इस मामले के गुण-दोष को लेकर कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं कर सकेंगे। साथ ही सामान्य रूप से वे मुख्यमंत्री के रूप में अपने दायित्वों का भी पालन नहीं कर सकेंगे। बहरहाल, इन सीमाओं और शर्तों के बावजूद उनकी पार्टी राहत की सांस ले सकती है। निस्संदेह, रिहाई से हरियाणा में पार्टी के उम्मीदवारों का मनोबल बढ़ेगा। रिहा होने के बाद केजरीवाल ने कहा भी है कि जेल से आने के बाद मैं सौ गुना ताकतवर महसूस कर रहा हूं। वहीं सीबीआई के लिएयह असहज करने वाली स्थिति है कि मामले की सुनवाई कर रही बेंच के एक न्यायाधीश ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत देने में सीबीआई द्वारा बाधा डालने की बात कही है। वैसे जमीनी हकीकत यह भी है कि इस मुकदमे के निकट भविष्य में निबटने की संभावना कम ही है। बहरहाल, शीर्ष अदालत ने केजरीवाल की रिहाई के आदेश देकर संवैधानिक और कानूनी रूप से सही कदम उठाया है। सार्वजनिक विमर्श में भी यह बात उठती रही है कि एक मुख्यमंत्री व एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के नेता को सामान्य अपराधी की तरह ज्यादा समय तक जेल में नहीं रखा जाना चाहिए। अदालत ने कुछ समय पहले इस मुद्दे को लेकर अपनी राय प्रकट की थी। वहीं दूसरी ओर अदालत ने इस आशंका को भी खारिज किया कि रिहाई के बाद मुख्यमंत्री सबूतों से छेड़छाड़ कर सकते हैं। बहरहाल, इसके बावजूद केजरीवाल न्यायिक प्रक्रिया के दायरे में हैं। वहीं सवाल सीबीआई की कार्यशैली व विश्वसनीयता को लेकर भी उठे हैं। वैसे भी यदि सीबीआई के पास पुख्ता सबूत थे तो उसे जमानत को लेकर सवाल नहीं उठाने चाहिए थे, जिसके चलते विपक्ष को सरकार पर राजनीतिक प्रतिशोध के रूप में कार्रवाई करने के आरोप लगाने का मौका मिला। बहरहाल, केजरीवाल की रिहाई के बाद दिल्ली कांग्रेस प्रमुख की तीखी प्रतिक्रिया से कयास लगाये जा सकते हैं कि इस फैसले का असर हरियाणा चुनाव पर पड़ सकता है। राजनीतिक पंडित मानते हैं कि राज्य की जनता में सत्ता विरोधी आक्रोश का जो पूरा लाभ अब तक कांग्रेस को मिलने के आसार थे, उसमें केजरीवाल की सक्रियता से असर पड़ सकता है। एक तो हरियाणा केजरीवाल का गृह राज्य है और दूसरी ओर राज्य में स्टार प्रचारक के रूप में केजरीवाल की सक्रियता आप का जनाधार बढ़ा सकती है। इससे कार्यकर्ताओं का उत्साह भी बढ़ेगा और वे पार्टी प्रत्याशियों को सफल बनाने की कवायद में भी जुट सकते हैं। जिससे भाजपा विरोधी वोटों का बंटवारा हो सकता है। जाहिर तौर पर हरियाणा में कांग्रेस जिस बड़ी कामयाबी की उम्मीद लगाए बैठी थी, उसके ताजा घटनाक्रम से प्रभावित होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। उल्लेखनीय है कि हरियाणा में सीटों के बंटवारे पर कांग्रेस के साथ सहमति न बनने के कारण आप राज्य की सभी सीटों पर ताल ठोक रही है। यह भी कि 21 मार्च को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद केजरीवाल को कोर्ट ने लोकसभा चुनाव के दौरान जमानत दी थी। उन्हें 26 जून को फिर से सीबीआई द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था। तब से वे जेल में ही थे। जमानत पर पांच सितंबर को सुनवाई के बाद शीर्ष अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। फिर शुक्रवार को उन्हें जमानत मिली। निश्चित रूप से दिल्ली आबकारी नीति में कथित भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह के बाद केजरीवाल की रिहाई से आप के नेताओं व कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है। इस बीच मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने पद से इस्तीफे का ऐलान कर दिया है। आप दफ्तर पर पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि मैं आज से दो दिन के बाद सीएम पद से इस्तीफा दूंगा। मैं तब तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा, जब तक जनता अपना फैसला नहीं सुना देती कि केजरीवाल ईमानदार है।

# ओजोन परत की गंभीरता समझना जरूरी



देवानंद कुमार

ओजोन परत की मोटाई मौसम के हिसाब से बदलती रहती है। पिछले लॉकडाउन के दौरान जब पूरे विश्व में आर्थिक औद्योगिक गतिविधियां बंद थी तब ओजोन छिद्र भरता हुआ नजर आया था जिसने वैज्ञानिकों में एक नया उत्साह भर दिया था जो यह बताने के लिए काफी था कि अगर धरती पर औद्योगिक गतिविधियां नियंत्रित कर दी जाएं तो ओजोन परत को बचाया जा सकता है।




-विश्व ओजोन दिवस पर विशेष

16 सितंबर यानी आज विश्व ओजोन दिवस है। अगर हम किसी आम इनसान से ओजोन के बारे में पूछे तो शायद ही वह उत्तर दे सके, परंतु जब हम उसे पृथ्वी के ऊपर एक ऐसी परत की बात कहे जो पूरे पृथ्वी को एक छाते के रूप में ढक कर रखती है और जो सूर्य की किरणों से आने वाली पराबैगनी किरणों को पृथ्वी पर आने से रोकती है और उन्हें वापस भेज देती है, तो हर कोई इस तथ्य को समझ जाता है। अगर इसी को दूसरे तरह से कहें कि जिस प्रकार हम अपने शरीर को अल्ट्रावायलेट किरणों से बचाने के लिए सनस्क्रीन लगाते हैं ठीक वैसे ही पृथ्वी को भी घातक अल्ट्रावायलेट किरणों से बचाने का काम पृथ्वी के ऊपर ओजोन परत करती है। विज्ञान को अगर हम आम जन की भाषा में समझाएं और बताएं तो लोग विज्ञान से अपना जुड़ाव महसूस करते हैं और विज्ञान से जुड़कर व्यक्ति प्रकृति से जुड़ता है। वर्तमान समय में हर पुरानी परंपरा, रीति-नीति को विज्ञान की कसौटी पर परखा जा रहा है। जाहिर है इस कारण यह जानना जरूरी है कि हम अपने परंपराओं, पारंपरिक चीजों, सांस्कृतिक क्रियाकलापों के पीछे छिपे विज्ञान को भी समझें और दूसरे को बताएं ताकि भारतीय संस्कृति और सभ्यता पूरी दुनिया में श्रेष्ठ साबित हो सके। जैसा कि हम जानते हैं कि हमारा वायुमंडल मुख्य रूप से गैस पर धूल कणों से बना है। वायुमंडल 5 स्तरों में विभाजित है जिन्हें क्रमशः परिवर्तन मंडल या क्षोभ मंडल, समताप मंडल अर्थात स्ट्रेटोस्फीयर मध्यमंडल, आयन मंडल अर्थात आइनोस्फीयर और आयतन मंडल कहते हैं। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि वायुमंडल में जलवाष्प की मात्रा भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर घटती है। यहां पर वायुमंडल की सबसे निचली परत को क्षोभमंडल कहते हैं, क्योंकि इस मंडल में जैव मंडलीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है और मौसम संबंधी सारी घटनाएं जैसे कोहरा, बादल, ओस, पाला, ओला, तूफान आदि परिवर्तन इसी मंडल में होते हैं परंतु इस मंडल में ओजोन बहुत कम पाई जाती है। परिवर्तन मंडल के ऊपर दूसरी परत को समताप मंडल कहते हैं। समताप मंडल की औसत ऊंचाई 50 किलोमीटर बताई जाती है। इस मंडल के निचले भाग मतलब 15 से 30 किलोमीटर की ऊंचाई के बीच ओजोन गैस बहुत ज्यादा मात्रा में मिलती है। इसमें उनकी मात्रा ज्यादा मिलने के कारण इस मंडल को ओजोन मंडल भी कहते हैं ओजोन गैस जीवमंडल परिस्थितिकी तंत्र के जीवो के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सूरज से निकलने वाले विकिरण पराबैंगनी किरणों को सोख लेती है और उन्हें पृथ्वी तक पहुंचने नहीं देती, जिससे पृथ्वी ज्यादा गर्म होने से बची रहती है वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड मात्र 0.03% ही पाई जाती है। समताप मंडल में ओजोन के लेवल को प्राकृतिक रूप से नाइट्रोजन डाइऑक्साइड द्वारा विनियमित किया जाता है। ओजोन परत की मोटाई मौसम के हिसाब से बदलती रहती है। पिछले लॉकडाउन के दौरान जब पूरे विश्व में आर्थिक औद्योगिक गतिविधियां बंद थी तब ओजोन छिद्र भरता हुआ नजर आया था जिसने वैज्ञानिकों में एक नया उत्साह भर दिया था जो यह बताने के लिए काफी था कि अगर धरती पर औद्योगिक गतिविधियां नियंत्रित कर दी जाएं तो ओजन परत को बचाया जा सकता है। हालांकि औद्योगिक गतिविधियां पूरी तरह से बंद नहीं की जा सकती है, लेकिन अगर उन्हें नियंत्रित ढंग से चलाया जाए तो हम प्रकृति का संरक्षण बेहतर ढंग से कर सकते हैं जो वर्तमान समय की आवश्यकता है। ओजोन परत को डॉबसन यूनिट में मापा जाता है। 1985 में सबसे पहले एक ब्रिटिश दल ने टोटल ओजोन मैपिंग स्पेक्ट्रोमीटर की मदद से अंटार्कटिका के ऊपर ओजोन छिद्र का पता लगाया था। ओजोन छिद्र के लिए क्लोरोफ्लोरोकार्बन मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। क्लोरोफ्लोरोकार्बन, क्लोरीन, फ्लोरीन और कार्बन से निर्मित एक यौगिक है यह कोई प्राकृतिक यौगिक नहीं है बल्कि यह एक मानव निर्मित यौगिक है, मतलब हमने अपने समस्या का निर्माण खुद ही किया है। यह रसायन ग्रीन हाउस प्रभाव में योगदान देने के साथ ही ओजोन परत की ओजोन गैस से अभिक्रिया करके ओजोन को ऑक्सीजन के रूप में विघटित कर देता है जिसके कारण ओजोन परत का क्षरण होता है और ओजोन धीरे-धीरे क्षरण होने के कारण ओजोन छिद्र के रूप में वह आवरण हमें हटती दिखाई देती है। ओजोन परत का क्षरण पृथ्वी पर बहुत व्यापक प्रभाव डालता है। सूर्य से आने वाले हानिकारक पराबैंगनी विकिरण से त्वचा कैंसर होने का खतरा रहता है। अधिक समय तक सूर्य की पराबैंगनी किरणों के शरीर पर पड़ने से डीएनए में आंशिक परिवर्तन हो सकते हैं, जो त्वचा कैंसर का कारण बन सकते हैं। सूर्य की पराबैंगनी किरणों को सामान्यता वैज्ञानिक रूप में 3 वर्गों में बांटा गया है। इन्हें यूवी-ए, यूवी-बी, यूवी-सी किरण कहा जाता है। यूवी-ए तथा यूवी-बी किरणों का हमारी स्किन पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है। यूवी-सी अत्यंत घातक होती है परंतु पृथ्वी की सतह तक नहीं पहुंच पाती। यूवी-बी किरणों से पृथ्वी पर रहने वाले जीव धारियों पर कई तरह के दुष्प्रभाव दिखाई पड़ते हैं जिनमें जीन उत्परिवर्तन, पौधों की वृद्धि में रुकावट, पत्तियों का खराब होना, त्वचा कैंसर, सन बर्न, मोतियाबिंद हैं। ओजोन परत सूर्य की उच्च आवृत्ति के पराबैंगनी किरणों की 93 से 99% मात्रा को अवशोषित कर लेती है क्योंकि यह पराबैंगनी प्रकाश पृथ्वी पर जीवन के लिए हानिकारक है। इस कारण ओजोन परत के अभाव में पृथ्वी पर सूर्य की पराबैंगनी किरणों से पृथ्वी के जैविक जीवन को अत्यधिक क्षति पहुंचती है। वहीं क्लोरोफ्लोरोकार्बन बहुत ही घातक गैस है यह एक स्थाई यौगिक है जो वायुमंडल में 80 से 100 साल तक बना रह सकता है। क्लोरोफ्लोरोकार्बन मुख्य रूप से रेफ्रिजरेटर और एसी में प्रयोग किया जाता है। यहां सोचने वाली बात है कि हमें ओजोन क्षेत्र अंटार्कटिका जैसे ध्रुवी क्षेत्रों में ही क्यों दिखाई पड़ा, इसका कारण यह है कि ध्रुवीय भागों में ओजोन का निर्माण धीमी गति से होता है। इस कारण ओजोन के क्षरण का सबसे अधिक प्रभाव ध्रुव के ऊपर ही दिखाई पड़ता है। क्लोरोफ्लोरोकार्बन का प्रयोग तो अभी से नहीं 1960 से ही रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर, स्प्रे केस, फोम के निर्माण में तथा अन्य कई इलेक्ट्रॉनिक अवयव की सफाई में प्रयोग होता है। टोरंटो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक जीडब्ल्यू कैंट मूर के नेतृत्व में रिसर्चकताओं ने वर्ष 2005 में तिब्बत पठार के ऊपर ओजोन हैलो अर्थात ओजोन आभामंडल का पता लगाया गया था। इसमें तिब्बत के चारों ओर अतिरिक्त ओजोन की उपस्थिति का पता लगा। पठार के ऊपर केंद्रीय भाग में ओजोन की कम मात्रा एवं उसके परिधि के चारों और अतिरिक्त पूजोल का छल्ला पाया गया। इस अतिरिक्त ओजोन की सांद्रता अत्यधिक प्रदूषित शहरों में उपस्थित ओजोन सांद्रता के तरह ही मनुष्य में खांसी, सीने में दर्द उत्पन्न करने के साथ-साथ फेफड़ों को भी क्षति पहुंचा सकती है। गौर करने वाली बात यह है कि गैस के रूप में ओजोन खुद विषैली गैस है। इस कारण पृथ्वी की सतह पर यह जैविक जीवन के लिए हानिकारक है। ओजोन का अधिकांश भाग करीब 90% समताप मंडल की निचली परत में पाया जाता है। इस क्षेत्र में पाए जाने वाली ओजोन को ही हम सामान्यतः ओजोन लेयर कहते हैं या ओजोन परत कहते हैं। समताप मंडल में ओजोन का निर्माण लगातार पराबैगनी किरणों लघु तरंग धैर्य के द्वारा होता है। क्षोभ मंडल में पाई जाने वाली ओजोन जो मात्र 10% होता है, यह खराब ओजोन कहलाती है क्योंकि यह वायु को प्रदूषित करती है और स्मॉग के निर्माण में मदद करती है। यह पृथ्वी पर रहने वाले मनुष्यों के श्वसन के लिए अच्छी नहीं होती। इस प्रकार हम देखते हैं कि समताप मंडल की ओजोन ही अच्छी कहलाती है क्योंकि यह सूर्य के हानिकारक पराबैंगनी किरणों का 95% अवशोषित कर पृथ्वी पर जीवन की रक्षा करती है इसलिए पृथ्वी का इसे रक्षा कवच या पृथ्वी का छाता भी कहा जाता है। क्लोरोफ्लोरोकार्बन ही समताप मंडल के ओजोन के औसत सांद्रण में कमी ला रहे हैं फिर जोसेफ फरमन के नेतृत्व में ब्रिटिश अंटार्कटिक सर्वेक्षण टीम ने 1985 में अंटार्कटिक के ऊपर वायुमंडलीय ओजोन की अल्पता का प्रत्यक्ष प्रमाण प्रस्तुत किया था। जब भी ओजोन परत या ओजोन संरक्षण की बात उठेगी तो मोंट्रियल प्रोटोकोल तथा विएना कन्वेंशन का जिक्र जरूर होगा।

## स्पेशल

# हरियाणा के सियासी दंगल में पहलवान, किसान, जवान...

संजय कुमार




हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनाव में बीजेपी के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। पिछले 10 साल से बीजेपी का दबदबा रहा है, लेकिन इस बार पहलवानों, किसानों और अग्निवीर योजना से जुड़े युवाओं में नाराजगी देखने को मिल रही है। इस वजह से बीजेपी को आने वाले चुनाव में नुकसान हो सकता है। पार्टी छोड़कर जाने वाले नेताओं और टिकट न मिलने से नाराज लोगों की वजह से भी बीजेपी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। हरियाणा में कई क्षेत्रीय पार्टियां भी चुनाव मैदान में हैं, लेकिन माना जा रहा है कि 90 विधानसभा सीटों में से ज्यादातर पर मुकाबला कांग्रेस और बीजेपी के बीच ही होगा। 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को वोट शेयर और सीटों के मामले में नुकसान उठाना पड़ा था। वहीं, कांग्रेस को फायदा हुआ था। यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को वोट देने वाले हरियाणा के मतदाताओं ने कुछ ही समय बाद हुए विधानसभा चुनाव में अलग पार्टी को वोट दिया था। ऐसा तब हुआ था जब 2019 के विधानसभा चुनाव में पहलवान, किसान और जवान जैसे मुद्दे नहीं थे। उस समय सिर्फ मनोहर लाल खट्टर की सरकार के कामकाज को लेकर नाराजगी थी। अगर 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन के बावजूद बीजेपी विधानसभा चुनाव में अच्छी जीत हासिल नहीं कर पाई, तो इस बार उसके लिए 2019 के प्रदर्शन से बेहतर प्रदर्शन करना मुश्किल होगा।

दरअसल, 2019 के विधानसभा चुनाव में कुछ महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव की तुलना में बीजेपी का वोट शेयर तेजी से घटा था। ऐसे में, 2024 के लोकसभा चुनावों की तुलना में बीजेपी का वोट शेयर और घटने की संभावना है, खासकर जब वह 10 साल पुरानी सरकार के साथ चुनाव लड़ रही है और 2019 की तुलना में सत्ता विरोधी लहर काफी ज्यादा दिख रही है। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की जगह नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाना एक तरह से बीजेपी द्वारा हरियाणा में अपनी सरकार से लोगों की नाराजगी को स्वीकार करना था। कुछ हद तक बीजेपी को 2024 के लोकसभा चुनाव में इसकी सजा मिली थी और तब से लेकर अब तक माहौल में कोई खास बदलाव नहीं आया है।

हरियाणा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वोट जुटाने की क्षमता की भी परीक्षा होगी। लोकनीति-सीएसडीएस के सर्वे बताते हैं कि मोदी की अपने व्यक्तिगत करिश्मे से बीजेपी के लिए वोट जुटाने की क्षमता विधानसभा चुनावों की तुलना में लोकसभा चुनावों में कहीं अधिक मजबूत है।

लेकिन राहुल गांधी की लोकप्रियता बढ़ने से बीजेपी के सामने इस मामले में भी चुनौती है। लोकनीति-सीएसडीएस द्वारा किए गए चुनाव बाद सर्वे से संकेत मिलता है कि हरियाणा में, 30% मतदाताओं (2019 के लोकसभा चुनावों में 15%) के बीच राहुल प्रधानमंत्री पद के लिए पसंदीदा पसंद थे, जबकि मोदी 32% हरियाणवियों (2019 के लोकसभा चुनावों में 57%) के बीच प्रधानमंत्री पद के लिए पसंदीदा पसंद थे।

मुख्यमंत्री पद की बात करें तो कांग्रेस ने भले ही अपने मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है, लेकिन अलग-अलग समूहों में बंटे होने के बावजूद उसका राज्य नेतृत्व (भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कुमारी सैलजा) खट्टर और सैनी के नेतृत्व वाले बीजेपी के राज्य नेतृत्व की तुलना में ज्यादा दुर्जेय दिखता है। अपने कुछ लोकप्रिय राज्य नेताओं को दरकिनार करने से उसकी संभावनाओं पर और असर पड़ेगा, खासकर जब राज्य नेतृत्व से नाराजगी के स्पष्ट संकेत मिल रहे हों। इसमें कोई शक नहीं कि कांग्रेस का पलड़ा भारी है, लेकिन कुछ चुनावी क्षेत्रों में उसे वो नाराज नेता नुकसान पहुंचा सकते हैं, जिनको टिकट नहीं मिल पाई। इसके अलावा पार्टी के भीतर विभिन्न गुटों के बीच लड़ाई और बड़ी संख्या में छोटे क्षेत्रीय दल भी कांग्रेस को नुकसान पहुंचा सकते हैं। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली और पंजाब में कांग्रेस के जनाधार को कमजोर कर दिया है और गुजरात और गोवा जैसे कुछ अन्य राज्यों में भी उसे नुकसान पहुंचाया है।

हालांकि 2024 के लोकसभा चुनाव में आप के प्रदर्शन को देखते हुए हरियाणा में यह मजबूत नहीं दिख रही है। कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट के केवल चार विधानसभा क्षेत्रों में ही यह आगे रही, जहां इसने कांग्रेस के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा था। जहां कांग्रेस संख्यात्मक रूप से बड़े जाट समुदाय और दलित समुदायों के मतदाताओं को लामबंद करने की उम्मीद कर रही है, वहीं सवाल यह है कि जननायक जनता पार्टी (हाल ही में हरियाणा में भाजपा सरकार में गठबंधन सहयोगी और अब चंद्रशेखर आजाद की आजाद पार्टी के साथ गठबंधन में) और बीएसपी का गठबंधन भारतीय राष्ट्रीय लोक दल (इनेलो) के साथ इस जनाधार में कितनी सेंध लगा सकता है।

### जैन दस लक्षण धर्म विशेष

# उत्तम आकिन्चन्य...ममता दुख की खान



विजय कुमार जैन
राघौगढ़ (गुना)

बाहर के पत्थर फेंकने से काम नहीं चलेगा, बाहर के बोझ के साथ-साथ भीतरी बोझ भी उतारना जरूरी है। जब तक चित्त पर काम, क्रोध, लोभ और मोह के पत्थरों का बोझ है, तब तक चेतना का ऊर्ध्वारोहण संभव नहीं है। चेतना के ऊर्ध्वारोहण के लिए बाहर और भीतर से हल्का होना जरूरी है इसी हल्केपन का नाम है- आकिन्चन्य । न किन्चनम् अकिनचनम् भावत आकिन्चन्यम् । मेरा कुछ भी नहीं है। इस प्रतीति का नाम आकिन्चन्य है।

आकिन्चन्य धर्म का स्वरूप निर्दिष्ट करते हुए आचार्य अकलंक देव ने लिखा है अध्यात्म की साधना के लिए ममत्व का त्याग अनिवार्य है। क्योंकि ममता ही दुख की खान है। हमारे मन में पलने वाली ममता हमे बहिर्मुखी बनाती हैं वहिर्मुखता दुख का मूल कारण है। वह जीव ममता के कारण बंधता है और ममता को जीतने से मुक्त होता है। अतः सर्वप्रथम हमे निर्ममत्व होने का प्रयत्न करना चाहिए। जिस दिन यह बोध जग जाएगा कि जहां जी रहा हूं वह मेरा नहीं है, जिनके बीच जी रहा हूं वे मेरे नहीं हैं। उसी क्षण आकिन्चन्य की प्रतीति हो जाएगी।

शरीर के साथ-साथ मनुष्य को सम्पत्ति के प्रति भी बड़ा प्रबल मोह होता है, सम्पत्ति शाश्वत नहीं है। जिस सम्पत्ति के पीछे मनुष्य स्वयं को विपत्ति में डालता है, रात-दिन जिसकी चिन्ता में अनुरक्त रहता है, वास्तव में वह उसकी है ही कहां ? आचार्य शुभचंद्र कहते हैं मैं आकिन्चन्य हूं यह प्रतीति कर लो, तीन लोक के अधिपति बन जाओगे । सच में जीवन धन से बडा कोई धन नहीं है। जगत में सबसे मूल्यवान जीवन है। जीवन के रहते ही जगत के पदार्थों का मूल्य है। जीवन के विनष्ट हो जाने के बाद उनका क्या मूल्य है? जो अपनी आत्मनिधि को जान लेता है, जगत के जड़ वैभव से उसे लगाव नहीं रहता । एकत्व भावना में कहा है- संसार के सारे संबंध स्वार्थ पर टिके हैं। यथार्थ में कोई किसी का नहीं है। एकत्व की प्रतीति ही आकिन्चन्यता की उपलब्धि है। वस्तुतः संसार में कोई किसी का नहीं है। संसार का हर व्यक्ति अकेला है। यहां की हर वस्तु और हर व्यक्ति अनाथ है। कोई किसी का नाथ और साथ नहीं है। कोई चाहे भी तो किसी का साथ नहीं है। कोई चाहे भी तो किसी का साथ नहीं दे सकता । कोई व्यक्ति कितना भी आत्मीय क्यों न हो, यदि उसके सिर में दर्द हो तो वह उसके दर्द के प्रति सहानुभूति तो प्रकट कर सकता है, पर उसके दर्द को बांट नहीं सकता । संसार के प्रत्येक प्राणी को अपने-अपने कर्मों के अनुसार सुख-दुख भोगना पड़ता है।

संवेग और वैराग्य भावों की वृद्धि के लिए संसार और शरीर की नश्वरता और भोगों की असारता का चिन्तन करते रहो। ममत्व अपने आप क्षीण होगा। एक बार संसार की असारता समझ लेने पर फिर वह अपनी और खींच नहीं सकता। ममत्व और आसक्ति से बचना चाहते हैं तो सदैव इन पंक्तियों का ध्यान दें- संसार शोकमय है, जीवन भोगमय है, काया रोगमय है, संबंध वियोगमय है, साधना उपयोगमय है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं।)

# वाराणसी काशी के लिए तीर्थ यात्रियों को लेकर रवाना हुई विशेष ट्रेन





रुद्रांश दर्पण सीहोर

## तीर्थ यात्रियों के चेहरे पर दिखाई दी तीर्थ यात्रा की खुशी

## विधायक श्री राय एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने दीं तीर्थ यात्रियों को शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अन्तर्गत वाराणसी काशी के लिए सीहोर रेलवे स्टेशन से तीर्थ यात्रियों को लेकर विशेष रेल रवाना हुई। इस अवसर पर रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक श्री सुदेश राय एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्री प्रिंस राठौर शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक श्री सुदेश राय एवं अध्यक्ष श्री प्रिंस राठौर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा वृद्धजनों के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना चलाई जा रही है। उन्होंने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को धन्यवाद देते हुए तीर्थ यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों को शुभकामनाएं दीं तथा सभी तीर्थ यात्रियों की मंगलमय यात्रा की कामना की। कार्यक्रम के दौरान श्री राजकुमार गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर श्री आनंद सिंह राजावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर तीर्थ यात्रियों को फूल माला पहनाकर उनका अभिवादन किया गया। इस दौरान तीर्थ यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों के चेहरे पर तीर्थ यात्रा की खुशी देखते ही बनती थी। तीर्थ यात्रा पर जाने वाले तीर्थ तीर्थ यात्री श्री मदनलाल प्रजापति, श्री दुल्हे सिंह, श्रीमती दुलारी बाई, श्रीमती गायत्री त्यागी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव हमारे लिए श्रवण कुमार की तरह कार्य कर रहे हैं। जिस प्रकार श्रवण कुमार ने अपने माता पिता को सभी तीर्थों के दर्शन कराए थे, उसी प्रकार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी हमारे बेटे की तरह हमें तीर्थ यात्रा कराने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना से हमें आज वाराणसी काशी जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। सभी यात्रियों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को धन्यवाद दिया है।

# जपं. बमोरी के ग्राम पंचायत विश्वनगर के सरपंच पद के परिणाम घोषित..

रुद्रांश दर्पण गुना

## श्री मन्ना को 634 और श्री रामगोपाल पारदी को हुए 280 मत प्राप्त...

## रिटर्निंग अधिकारी द्वारा विजयी प्रत्याशी को प्रदाय किया गया प्रमाण पत्र..



निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में त्रिस्तरीय पंचायत के उपचुनाव अंतर्गत जनपद पंचायत बमोरी के ग्राम पंचायत विश्वनगर में सरपंच पद के लिये दिनांक 11 सितम्बर को हुए मतदान का आज बमोरी तहसील कार्यालय में 8 बजे से हुए मतगणना के परिणाम घोषित कर दिया गया है । बमोरी के तहसीलदार व रिटर्निंग अधिकारी श्री देव दत्त गोलिया ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक श्री अशोक शर्मा की उपस्थिति में आज घोषित परिणाम अनुसार कुल 924 मत सरपंच पद के लिए डाले गए, आज तीन चरण में हुई मतगणना के बाद प्रत्याशी श्री मन्ना को 634 और श्री रामगोपाल पारदी को 280 और नोटा को 10 मत प्राप्त हुए। रिटर्निंग अधिकारी द्वारा विजयी प्रत्याशी को प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। आज इस दौरान संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय) श्री महेश बमन्हा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती जिया फातिमा,तहसीलदार एवं रिटर्निंग ऑफिसर (पंचायत) बमोरी श्री देवदत्त गोलिया, नायब तहसीलदार श्री जे. पी. गौतम सहित प्रत्याशी व उनके मतगणना अभिकर्ता उपस्थित रहे।

रुद्रांश दर्पण ग्वालियर जिले में अतिवर्षा और जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों में नालियों की साफ–सफाई का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। ताकि पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सके। नालियों में जमा कचरा, मिट्टी और मलबे को हटाया जा रहा है, जिससे जलभराव कम हो और अतिवर्षा से उत्पन्न बीमारियों की रोकथाम हो सके।



# जिला न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत आयोजित

**63201 प्रकरणों का निराकरण किया गया तथा समझौता राशि रूपये 18 करोड़ 94 लाख 12 हजार 712 जमा हुई**

**रुद्रांश दर्पण सीहोर** जिले में जिला एवं तहसील स्तर पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री सतीश चंद्र शर्मा ने किया। लोक अदालत में 3201 प्रकरणों का निराकरण किया गया एवं समझौता राशि रूपये 18 करोड़ 94 लाख 12 हजार 712 जमा हुई। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि हमें हर योजना को उसके मूर्त रूप में लागू कर आमजन को लाभान्वित करना चाहिए। आमजन को सस्ता सरल और सुलभ न्याय दिलाने का लोक अदालत एक प्रभावी स्थान है, जो वर्तमान समय में समाज के लिए सबसे ज्यादा आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत से लोगों का धन और समय दोनों की बचत के साथ ही आपसी सौहार्द भी बना रहता है। लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों के त्वरित निराकरण से पक्षकारों का न्यायिक प्रक्रिया के प्रति विश्वास बढ़ता है, जिससे और अधिक न्याय प्राप्ति के लिए इच्छुक पक्षकार अपने विवाद लेकर न्यायालय के समक्ष आने के लिए प्रेरित होते है। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री सतीश चंद्र शर्मा द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल जगत में अनेक प्रतियोगिताए जीतने वाली सीहोर जिले की कु बुसरा खान एवं कु ईशा पटेल को उनके प्रदर्शन के लिए मोमेन्टो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री सत्यसाई यूनिवर्सिटी के विधि संकाय के छात्र–छात्राओं को प्रमाण–पत्र भी वितरित किये गये।

**कुल 3201 प्रकरणों का किया गया निराकरण**आज आयोजित नेशनल लोक अदालत में कुल 3201 प्रकरणों का निराकरण किया गया एवं समझौता राशि 18 करोड़ 94 लाख 12 हजार 712 रूपये जमा हुए हैं नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर निराकरण कराये जाने के लिए न्यायालय एवं उपभोक्ता फोरम में लंबित 5043 प्रकरण रखे गये थे जिनमें से 1083 प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामा के आधार पर हुआ एवं समझौता 15 करोड़ 96 लाख 63 हजार 913 रुपये जमा कराई गई। इसी प्रकार नेशनल लोक अदालत की खंडपीठ के समक्ष कुल 20995 प्री लिटिगेशन प्रकरण रखे गये थे जिनमें से 2118 प्रकरणों का निराकरण हुआ एवं समझौता राशि 02 करोड़ 97 लाख 48 हजार 799 रुपये जमा कराई गई।

**अलग–अलग रह रहे दंपति खुशी–खुशी साथ लौटे** नेशनल लोक अदालत में आवेदक राहुल मीना ने अपनी पत्नि श्रीमती पूजा मीना के विरूद्ध कुटुम्ब न्यायालय सीहोर में धारा 9 हिन्दू विवाह अधिनियम के तहत मामला प्रस्तुत किया। दोनो का विवाह होने के 6 महीने तक दोनों साथ रहे। इसके बाद पति–पत्नि के मध्य छोटी–मोटी पारिवारिक विवाद के कारण वे अलग–अलग रहने लगे। इस प्रकरण में पारिवारिक मामला तथा भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए प्रधान न्यायाधीश सुश्री सुमन श्रीवास्तव द्वारा समझाइश के पश्चात् दोनो पक्षों ने राजीनामा कर साथ जाने पर सहमति व्यक्त की। इस प्रकरण के राजीनामा करने के बाद दोनों पक्ष एक दूसरे को फूल माला पहनाकर खुशी–खुशी घर लौटे।

**बहु ने स्वीकार की व्द्ध ससुर के पालन पोषण की जिम्मेदारी** नेशनल लोक अदालत में आवेदक बहू सरिता द्वारा वृद्ध ससुर श्री पन्नालाल के विरुद्ध एक प्रकरण घरेलू हिंसा अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत किए प्रकरण में बहु ने यह स्वीकार किया कि वह वृद्ध ससुर का पालन पोषण करेगी। और इसके बदले में ससुर ने कहा कि वह बहू को अपने हिस्से की संपत्ति देंगे। इसके साथ यह प्रकरण निराकृत किया गया। यह ससुर और बहु के बीच एक भावुक क्षण था।

**यह थे उपस्थित**कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय सुश्री सुमन श्रीवास्तव. विशेष न्यायाधीश श्री हेमंत जोशी, प्रथम अपर जिला न्यायाधीश श्री संजय गोयल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री एम के वर्मा, तृतीय जिला न्यायाधीश श्री अभिलाष जैन, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती अर्चना नायडू बोड़े, जिला रजिस्ट्रार / न्यायिक मजि प्रथम श्रेणी श्रीमती स्वप्नश्री सिंह एवं अन्य न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री राधेश्याम यादव, श्री जीशान खान जिला विधिक सहायता अधिकारी, श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय सीहोर से फैकल्टी सदस्य एवं आयुर्वेद महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं, एनजीओ के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, मुख्यालय सीहोर के पैनल एवं अन्य अधिवक्तागण लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स, खण्डपीठ सदस्य, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण, पक्षकारगण न्यायालयीन कर्मचारी गण, पैरालीगल वालेन्टियर्स आदि उपस्थित रहे। राजीनामा करने वाले सभी पक्षकारों को प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा फूल माला एवं पौधे भी वितरित किए गए।

# छुट्टी के दिन भी जल भराव से प्रभावित ग्रामों में मदद के लिए पहुँचे अधिकारियों के दल



रुद्रांश दर्पण ग्वालियर

## प्रभावित परिवारों को सौंपी खाद्यान्न किट

सड़कों व नालियों की मरम्मत और पेयजल स्त्रोतों के क्लोरोनीकरण का कार्य भी जारी स्वास्थ्य परीक्षण और पशुओं के उपचार के लिये भी पहुँची टीमें जिला पंचायत सीईओ सहित जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी ग्रामीण अंचल में पहुँचे रविवार की छुट्टी के दिन भी जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के दल अतिवर्षा व जल भराव से प्रभावित क्षेत्रों में पहुँचे। इन दलों द्वारा सर्वे कर मकान, पशु हानि व फसल इत्यादि के नुकसान का आंकलन किया गया। साथ ही प्रभावित परिवारों को खाद्यान्न किट उपलब्ध कराई गई। हैंडपम्प, कुँआ, पेयजल टंकियों इत्यादि का क्लोरीनेशनल कर ग्रामीणों को सलाह दी गई कि इस मौसम में पानी को उबालकर पिएँ। संयुक्त दलों द्वारा सड़कों व क्षतिग्रस्त नालियों की मरम्मत का काम भी प्रमुखता से किया गया। साथ ही वर्षा से प्रभावित गाँवों में स्वास्थ्य परीक्षण और पशुओं का उपचार भी किया गया। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने अतिवर्षा से हुए नुकसान के सर्वे का काम जल्द से जल्द पूर्ण करने और जल भराव से प्रभावित गाँवों के लोगों की हर संभव मदद करने के निर्देश सभी विभागों के अधिकारियों को दिए हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार सहित जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने ग्रामीण अंचल में पहुँचकर नुकसान का सर्वेक्षण और वर्षा से प्रभावित लोगों को दी जा रही मदद का जायजा लिया। जिला पंचायत सीईओ ने डबरा जनपद पंचायत के अंतर्गत सिरोल दफाई, सेंकरा, खेड़ीरायमल व कोसा सहित अन्य गाँवों का भ्रमण किया। इस अवसर पर डबरा एसडीएम श्री दिव्यांशु चौधरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उनके साथ थे। राज्य शासन के दिशा–निर्देशों के तहत रविवार को भितरवार के ग्राम पचौरा, किशनपुर, पाटई व डबरा के ग्राम सिरोल सहित अन्य ग्रामों में वर्षा से प्रभावित लोगों को खाद्यान्न की किट उपलब्ध कराई। जिसमें गेहूँ, दाल, चावल, तेल व मसाले सहित अन्य खाद्य सामग्री शामिल थी। इसके अलावा प्रभावित परिवारों को राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधानों के तहत 40 किलोग्राम गेहूँ व 10 किलोग्राम चावल प्रति परिवार के मान से उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों में रविवार को भी युद्ध स्तर पर सड़कों की मरम्मत व नाले–नालियों को ठीक करने का काम जारी रहा। ग्वालियर–झांसी रोड़ व हाईवे से कल्याणी होते हुए भितरवार मार्ग सहित ग्रामीण क्षेत्र की अन्य डामरीकृत सड़कों की मरम्मत रविवार को की गई। मुरार विकासखंड के ग्राम इकहरा व सिरसौद सहित भितरवार व डबरा विकासखंड के वर्षा से प्रभावित विभिन्न ग्रामों में रविवार को स्वास्थ्य विभाग की टीमें पहुँचीं और लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाएं वितरित कीं। साथ ही लोगों को वर्षा जनित बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए। इसी तरह ग्राम इकहरा सहित अन्य ग्रामों में पशु चिकित्सा विभाग की टीमों ने घर–घर जाकर पशुओं का परीक्षण किया और टीके लगाए।

# नाबार्ड प्रायोजित बी पैक्स सक्षमता विकास कार्यक्रम



रुद्रांश दर्पण खरगोन

नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल द्वारा सॉफ्टकाय योजनान्तर्गत दी गयी स्वीकृति के अनुपालन में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित खरगोन के सहयोग से खरगोन एवं बडवानी जिले में कार्यरत बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के 35 समिति प्रबंधकों के लिए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित खरगोन के सभागार में प्रारम्भ हुए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का 14 सितम्बर को समापन कार्यक्रम में विजेन्द्र पाटील जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड एवं बैंक के अधिकारी अनिल कानूनगों, एंव संध्या रोकडें, पी.के. परिहार, कार्यक्रम समन्वयक एवं प्रभात पटेल, कार्यक्रम सहायक की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को दिये गये प्रशिक्षण व प्रशिक्षण सामग्री को प्रतिभागियों ने ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताया। कार्यशाला को संबोधित करते विजेन्द्र पाटील जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड द्वारा पेक्स की कृषि एवं ग्रामीण विकास में अहम भूमिका पर विस्तृत मार्ग दर्शन प्रदान किया गया। इस दौरान अनिल कानूनगों प्रबंधक स्थापना द्वारा विचार व्यक्त किये गये कि इस तरह के कार्यक्रम समय–समय पर आयोजित हो, ताकि बदलावों की अद्यतन जानकारी सेवायुक्तों को मिलती रहे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रमुख प्रशिक्षक श्री परिहार द्वारा 12 कालखण्डों में बी–पैक्स के वित्तीय स्वास्थ पर एन.पी.ए. के प्रभाव विषय पर सारगर्भित एवं व्यवहारिक जानकारी व प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शित करते हुए पी. के. परिहार ने बैंक द्वारा उपलब्ध करायी गयी सुविधाओं, सहयोग के लिये बैंक प्रबंधन का एवं 35 बी पैक्स प्रबंधकों की नियमित व अनुशासित उपस्थिति के लिये प्रतिभागियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

# लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण




रुद्रांश दर्पण सीहोर

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने जिले के कोठरी स्थित %आयुष्मान आरोग्य मंदिर%प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में संचालित होने वाली सेवाओं और सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि लोगो को उच्च कोटि की चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करायी जाये। बदलते मौसम में जल जनित बिमारियों से बचाव के प्रबंध सुनिश्चित किए जाये। उन्होने निर्देश दिये कि जल जनित बिमारियों से प्रभावित लोगो को अभियान चलाकर चिन्हित कर उनका इलाज किया जाय तथा मरीजों को उचित इलाज मिले यह सुनिश्चित किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दवाएं आदि पहले से सुनिश्चि कर ली जाएं ताकि मरीजों किसी प्रकार परेशानी का सामना न करना पड़े।

# जिले में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलेगा स्वच्छता ही सेवा अभियान

## स्वच्छता कैलेण्डर अनुसार आयोजित होंगी विभिन्न गतिविधियां

**रुद्रांश दर्पण भिण्ड** शासन से प्राप्त निर्देशानुसार जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों तथा नगरीय निकायों में स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता की थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलाया जाएगा।

स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ 17 सितम्बर को जिला, जनपद, निकाय और ग्राम स्तर पर होगा। जिसमें स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत 02 अक्टूबर तक स्वच्छता कैलेण्डर अनुसार विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।जिसमें वृहद स्वच्छता अभियान, स्वच्छता शपथ, सहयोगियों का सम्मान व स्वच्छता संवाद, विद्यालय एवं महा विद्यालयों में शौचालय एवं कचरा प्रबंधन विषय पर कार्यशाला, स्वच्छता साइकिल रैली, मैराथन का आयोजन, छात्रों द्वारा मानव श्रृंखला, वार्डवार स्त्रोत पृथकीकरण व संवहनीय स्वच्छता पर आधारित मोहल्ला सभा सफाई मित्रों का सम्मान, एक पेड़ मां के नाम अभियान एवं पेड़ों का रक्षा कवच बनाना एवं सिंगल यूज प्लास्टिक क्लीन–अप ड्राइव, स्वच्छता अधोसंरचना के रखरखाव व सौंदर्यीकरण एवं कम आय वर्ग कालोनियों में सफाई अभियान, प्रसंस्करण इकाइयों का भ्रमण, जागरूक हेतु होम विजिट कचरा संग्रहण एवं पृथकीकरण वेस्ट–टू–आर्ट पर आधारित स्वच्छता सह सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी, म्यूरल आर्ट, कलाकृतियों की स्थापना, सबसे स्वच्छ फूड स्ट्रीट प्रतियोगिता एवं प्रशिक्षण, संपूर्ण स्वच्छता लक्षित इकाई–ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर, स्वच्छ भारत दिवस सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

# बुढ़वा मंगल पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये 16 सितम्बर को दोपहर 2 बजे से भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

**जिला दण्डाधिकारी भिण्ड ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत आदेश जारी किया**

**रुद्रांश दर्पण भिण्ड** जिला दण्डाधिकारी भिण्ड श्री संजीव श्रीवास्तव ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत दिनांक 16.09.2024 को दोपहर 02.00 बजे से दिनांक 17.09.2024 को दोपहर 02.00 बजे तक जिला भिण्ड अन्तर्गत भिण्ड–मेहगांव–मालनपुर, गोरमी–मौ–जिला भिण्ड की सीमा (सेवड़ा), भिण्ड–अमायन–मौ, गोहद–झांकरी–मौ, लहार–अमायन–मौ आदि प्रमुख मार्गों से गुजरने वाले भारी/बड़े वाहन ( रेत–गिट्टी) की आवाजाही तथा मुख्य मार्ग की सड़क के मध्य से दोनों ओर 50–50 मीटर की सीमा तक भारी/बड़े वाहनों (रेत–गिट्टी) को अनावश्यक पार्किंग के संबंध में प्रतिबन्ध लगाया है. कोई भी व्यक्ति जिला भिण्ड अन्तर्गत उक्त सभी प्रमुख मार्गों से गुजरने वाले भारी/बड़े वाहन (रेत–गिट्टी) की आवाजाही नहीं करेगा और न ही उक्त प्रमुख मार्गों में भारी/बड़े वाहनों ( रेत– गिट्टी) को अनावश्यक पार्किंग न तो करेगा या प्रयास करेगा अथवा प्रेरित करेगा। कोई भी व्यक्ति जिला भिण्ड अन्तर्गत उक्त प्रमुख मार्गों से गुजरने वाले भारी/बड़े वाहन (रेत–गिट्टी) की आवाजाही करके और न ही उक्त प्रमुख मार्गों में भारी/बड़े वाहनों (रेत–गिट्टी) को अनावश्यक पार्किंग करके आवागमन को अवरूद्व करेगा और न ही प्रयास करेगा अथवा प्रेरित करेगा। यह आदेश दिनांक 16.09.2024 को दोपहर 02.00 बजे से दिनांक 17.09.2024 को दोपहर 02.00 बजे तक प्रभावशील होगा। पुलिस अधीक्षक भिण्ड/जिला परिवहन अधिकारी भिण्ड/खनिज अधिकारी भिण्ड उपरोक्तानुसार वाहनों के प्रवेश पर लगाये गये प्रतिबन्ध को प्रभावी रूप से पालन करवायेंगे। बड़ा मंगल ( बुढ़वा मंगल) के अवसर पर दंदरौआ धाम पर लगभग 05 लाख की संख्या में श्रद्धालुओं की हनुमान दर्शन हेतु भीड़ एकत्रित होंगे तथा दर्शनार्थियों की आवाजाही अधिकतर मुख्य मार्गों से पैदल होती है तथा मुख्य मार्गों पर भारी/बड़े वाहनों (रेत–गिट्टी) की भी आवाजाही होती रहती है तथा अनावश्यक रूप से उक्त वाहन मुख्य मार्ग के दोनों ओर पार्क (खड़े कर दिये जाते हैं, जिससे आवागमन अवरुद्ध होकर गम्भीर हादसे की प्रबल आशंका हर समय विद्यमान रहती हैं तथा अनेकों बार गम्भीर दुर्घटनायें घटित हो चुकी हैं।जिसको लेकर कई बार पुलिस एवं प्रशासन को कानून व्यवस्था की अप्रिय स्थिति का सामना करना पड़ा है। अतः जन सुरक्षा एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुये दिनांक 16.09.2024 एवं 17.09.2024 को जिला भिण्ड अन्तर्गत सभी प्रमुख मार्गों पर प्रतिबन्धात्मक आदेश जारी किया जाना अपरिहार्य हो गया है।ऐसी स्थिति में, यह आवश्यक है कि जिला भिण्ड अन्तर्गत भिण्ड–मेहगांव–मालनपुर,गोरमी–मौ–जिला भिण्ड की सीमा (सेवढ़ा), भिण्ड–अमायन–मौ, गोहद–झांकरी–मौ, लहार–अमायन–मौ आदि प्रमुख मार्गों से गुजरने वाले भारी/बड़े वाहन (रेत–गिट्टी) की आवाजाही एवं मुख्य मार्गों के दोनों तरफ अनावश्यक पार्किंग करने को पूर्णतः प्रतिबन्धात्मक कार्यवाही दिनांक 16.09.2024 एवं 17.09.2024 तक की जाये तथा इस तथ्य की आकस्मिकता की भी पूर्ण रूपेण तुष्टि होती है कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने हेतु पर्याप्त कारण विद्यमान हैं।पुलिस अधीक्षक भिण्ड के प्रतिवेदन से अवगत कराया गया है कि दिनांक 16 सितम्बर 2024 एवं 17 सितम्बर 2024 को बड़ा मंगल ( बुढ़वा मंगल) के अवसर पर दंदरौआ धाम पर लगभग 05 लाख की संख्या में श्रद्धालुओं की हनुमान दर्शन भीड़ एकत्रित होने की संभावना है उक्त मेला दिनांक 16 सितम्बर 2024 से 17 सितम्बर 2024 तक 02 दिन लगातार रहेगा। ददरौआधाम में बुढ़वा मंगल मेला के अवसर पर भिण्ड–मेहगांव–मालनपुर, गोरमी–मौ–सेवढ़ा, भिण्ड–अमायन–मौ, गोहद–झांकरी–मौ, लहार–अमायन–मौ आदि मार्गों पर भारी वाहन प्रतिबंधित किया जकार सीमावर्ती जिलों को सूचित किये जाने का अनुरोध किया गया है। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में प्रावधानों के अन्तर्गत एक पक्षीय रूप से पारित किया जाता है।आदेश का उल्लंघन करने की दशा में संबंधित के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 तथा अन्य अधिनियमों के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।यह आदेश भिण्ड जिले में निवासरत प्रत्येक नागरिक/व्यवसायी को सम्यक रूप से व्यक्तिशः तामील कराया जाना संभव नहीं है।

# शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने का आरोपी जेल दाखिल

**रुद्रांश दर्पण जांजगीर-चांपा**
**भूपेन्द्र यादव**



जांजगीर चांपा / शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाला आरोपी को अकलतरा पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया इस संबंध में पुलिस मीडिया ग्रुप से मिली जानकारी अनुसार मामला इस प्रकार हैं की पीड़िता को आरोपी धर्मराज चौहान ग्राम सोनडीह के द्वारा शादी करूंगा कहकर धोखे में रख कर जबरदस्ती दैहिक शोषण किया कि रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 429/2024 धारा 3 16,3 16(2)(ह) भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है महिला पर घटित अपराध को गंभीरता से लेते हुए विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल, एसडीओपी जांजगीर श्री प्रदीप सोरी जांजगीर के मार्गदर्शन में आरोपी की पतासाजी हेतु थाना स्तर से टीम गठित किया गया प्रकरण के आरोपी अपने सकुनत से फरार होने के के फिराक मे था जिसे आरोपी के सकुनत ग्राम सोनडीह से हिरासत मे लेकर घटना के संबंध पूछताछ किया गया जो जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 15.09.2024 को न्यायिक रिमांड में भेजा गया उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक मणिकांत पाण्डेय थाना प्रभारी अकलतरा, सहायक उपनिरीक्षक सियाराम यादव, आरक्षक बृजपाल बर्मन, बसंत साहू, महिला आरक्षक रश्मि भदौरिया का सराहनीय योगदान रहा।

# सिलसिलेवार चोरी करने वाले चोर गिरोह के पांच आरोपी जेल दाखिल

**रुद्रांश दर्पण बलौदाबाजार-भाटापारा**
**अरविन्द तिवारी**



सिलसिलेवार मोटरसाइकिल , सबमर्सिबल पम्प और फ्रिज चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले चोर गिरोह के पांच आरोपियों को कसडोल पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर माननीय में पेश किया , जहां से सभी आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से इस संबंध में मिली विस्तृत जानकारी अनुसार प्रार्थी द्वारा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छेछर में अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने संबंधी रिपोर्ट थाना कसडोल में दर्ज कराया गया था जिस पर अपराध क्र. 115/2024 धारा 3 19 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में मोटरसाइकिल चोरी करने वाले आरोपी की पता तलाश करते हुये थाना कसडोल से निरीक्षक रितेश मिश्रा , प्रधान आरक्षक रोहित राजहंस , आरक्षक प्रताप बंजारे , मृत्युजय महिलांगे , सत्येन्द्र कश्यप , कमलेश्वर बर्मन एवं राजकुमार केंवट की पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में पांच संदेहियों को हिरासत मे लिया गया। आरोपियों से विस्तृत एवं गहन पूछताछ पर सभी आरोपियों द्वारा एक चोरी करने वाले एक शातिर गिरोह की भांति कसडोल क्षेत्र अंतर्गत चोरी की विभिन्न घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया गया। आरोपियों से चोरी का 10 मोटरसाइकिल , 03 सबमर्सिबल पम्प एवं 01 फ्रिज बरामद किया गया है। जांच के क्रम में आरोपियों के कब्जे से 03 मोटरसाइकिल का खुला हुआ पार्ट्स भी जप्त किया गया है। इस संपूर्ण कार्यवाही में पुलिस टीम को आरोपियों से चोरी का 2,60,000 रुपये कीमती मूल्य का चोरी का सामान बरामद करने में सफलता मिली है। आरोपियों के विरूद्ध धारा सदर अपराध सबूत पाये जाने से थाना कसडोल पुलिस ने उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया , जहां से सभी आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया। **गिरफ्तार आरोपियों के नाम** अजय उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम टेमरी थाना कसडोल , आकाश उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम खरहा थाना कसडोल , दुष्यन्त कुमार उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम कोसमसरा थाना कसडोल , ताम्रध्वज उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम खरहा थाना कसडोल और रोशन उम्र 20 साल निवासी ग्राम खरहा थाना कसडोल ( छत्तीसगढ़)

# जुआ खेलने वाले दो आरोपी जेल दाखिल

**रुद्रांश दर्पण जांजगीर-चांपा**
**भूपेन्द्र यादव**




जांजगीर चांपा/ जुआ सट्टा खेलने व खेलाने वाले दो आरोपी को अलग अलग प्रकरण में नवागढ़ पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया इस संबंध में पुलिस मीडिया ग्रुप से मिली जानकारी अनुसार मामला इस प्रकार हैं की विवेक शुक्ला (आईपीएस) पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में जिले में जुआ सट्टा पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस जांजगीर द्वारा लगातार कार्यवाही करने के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राजेंद्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा ग्राम नवागढ़ से जरिए मुखबीर सूचना मिला की किरीत का आरोपी राकेश कुमार साहू पिता माखन लाल साहू उम्र 34 निवासी किरीत द्वारा राछा भाटा नवागढ़ चौक के पास मोबाइल में ऑनलाइन सट्टा खेला रहा है एवं खेल रहा है की सूचना पर हमराह स्टाफ और गवाह के साथ रेड कार्यवाही किया गया जो आरोपी अपने मोबाइल से श्रीदेवी नाइट्स, कल्याण, मुंबई, जैसे सट्टा में लगातार रुपए पैसे ऑनलाइन लगा रहा था एवं कई लोगो से पैसे लेकर भी आनलाइन सट्टा में पैसे लगा रहा था, उसके मोबाइल में ट्रांजेक्शन हिस्ट्री देखा गया जो आरोपी लाखो रुपए का सट्टा खेल/ खेला रहा था आरोपी के मोबाइल को कब्जे में लिया गया इसी प्रकार आरोपी राकेश कुमार साहू पिता खेमन लाल साहू किरीत थाना नवागढ जो राछा में सट्टा खेलने एवं खेलाने का सूचना प्राप्त होने ओप्पो कंपनी का मोबाइल एवं जिस मोटर सायकल होंडा लियो सी जी 22 त 9515 में घूम घूम कर सट्टा खेल एवं खेला रहा था को गवाहों के जप्त किया गया, आरोपियों का कृत्य धारा 6, । छ . ग. जुआ प्रति.अधि.2022 के अंर्तगत पाए जाने पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमाक 353/24 एवं 354/24 कायम कर गिरफ्तार किया गया, एवं माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया गया उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़, सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र कश्यप महिला प्रधान आरक्षक.स्वाति गिरोलकर, आरक्षक टुकेश्वर डडसेना, कुलदीप खूंटे, जनक कश्यप, बलराम यादव, श्याम कुमार शांतेय का सराहनीय योगदान रहा।

# अवैध नशीली टेबलेट बिक्री करने वाले दो फरार आरोपी गिरफ्तार

**रुद्रांश दर्पण जांजगीर-चांपा**
**भूपेन्द्र यादव**



जांजगीर चांपा/अवैध रूप से प्रतिबंधित टेबलेट बिक्री करने वाले दो आरोपीयों को जांजगीर पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है इस संबंध में पुलिस मीडिया ग्रुप से मिली जानकारी अनुसार मामला इस प्रकार हैं कि दिनांक 11-09-2024 को थाना जांजगीर पुलिस / सायबर टीम जांजगीर को मुखबीर से सूचना मिला था की काला रंग के मोटर सायकल छ्त-11-क्ष्छ- 2964 में सवार दो व्यक्ति है जिसके द्वारा अवैध रूप से नशीली टेबलेट खोखसा मोड जांजगीर के पास बिक्री करने के लिए ग्राहक तलाश रहे है कि सूचना पर विवेक शुक्ला (आईपीएस) पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में आरोपियों को पकड़ने के लिए थाना जांजगीर / सायबर टीम द्वारा घटना स्थल पहुंच कर घेराबंदी किया जाकर अति पुलिस अधीक्षक श्री राजेन्द्र कुमार जायसवाल के कुशल मार्गदर्शन में आरोपी.राकेश कुमार यादव निवासी लछनपुर बाबा डेरा थाना जांजगीर.अजय सिंह निवासी पोस्ट आफिस के पास चाम्पा थाना चाम्पा को पकड़ा था, जिसके कब्जे से गवाहो के समक्ष 1342 नग नशीली टेबलेट किमती बत्तीस सौ बीस / रू एवं परिवहन में प्रयुक्त एक मोटर सायकल किमती सत्तर हजार /रू को बरामद किया जाकर आरोपियों के विरूद्ध अपराध धारा सदर का सबुत पायें जाने से थाना जांजगीर में अपराध क्रमांक 105/2024 धारा 21, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही किया जाकर विधिवत् गिरफ्तार कर दिनांक 12.09.2024 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा चुका है प्रकरण में शामिल आरोपी राज मोहम्मद उम्र 34 साल निवासी लछनपुर थाना जांजगीर एवम मंगलू राम साहू उम्र 55 साल निवासी चंद्रशेखरपुर थाना छाल जिला रायगढ़ जो घटना दिनांक से फरार था जिसकी लगातार पातासाजी की जा रही थी, जिसको मुखबिर सूचना से पकड़ा पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 15.09.2024 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया प्रकरण की विवेचना जारी है उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक. प्रवीण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी जांजगीर, उप निरीक्षक. सत्यम चौहान, सहायक उपनिरीक्षक रामप्रसाद बघेल एवं थाना जांजगीर स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# पहुंचविहीन क्षेत्र कस्तुरमेटा पहुंचे पहली बार मंत्री श्री केदार कश्यप, ग्रामीणों में उत्साह

**नारायणपुर से कस्तुरमेटा तक चलाई जाएगी बस लोगों को यातायात में मिलेगी सुविधा**

**कस्तुरमेटा क्षेत्र के लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने की दिलाया भरोसा**

**शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन और गोदभराई कार्यक्रम में पहुंच कर महिलाओं को दिया आशिर्वाद**



**रुद्रांश दर्पण नारायणपुर** महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि का उपस्थित महिलाओं से लिया जानकारी राज्य सरकार के वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता और संसदीय कार्य मंत्री श्री केदार कश्यप ने जिले के पहुंचविहीन क्षेत्र कस्तुरमेटा में पहली बार पहुंच कर लोगों की समस्याओं को सुनी और निराकरण करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कस्तुरमेटा शिविर पहुंचकर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन एवं गोदभराई कार्यक्रम में पहुंच कर माताओं को आशीर्वाद दिया। उन्होंने पुलिस जवानों की अफजाई करते हुए कहा कि नारायणपुर जिले के पहुंचविहीन क्षेत्रों में लगभग 18 से अधिक पुलिस कैंप स्थापित किया गया है, जिससे लोगों के जीवन में परिवर्तन देखने को मिल रहा है। वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कस्तुरमेटा के पुलिस कैंप में लगाई गई शिविर में पहुंचकर क्षेत्र के लोगों को भरोसा दिलाया कि नारायणपुर से कस्तुरमेटा तक नियमित रूप से बस सेवा प्रारंभ की जाएगी। शिविर में लोगों से चर्चा करते हुए कहा कि जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र सहित सभी प्रकार के प्रमाण पत्र बनाने के लिए भरोसा दिलाया। उन्होंने शिविर में उपस्थित महिलाओं से महतारी वंदन योजना से प्रतिमाह मिलने वाली राशि की जानकारी ली। उन्होंने शिविर में उपस्थित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों से रोजगार उपलब्ध कराने तथा मनरेगा के माध्यम से कार्य प्रारंभ करने की बात कही। श्री केदार कश्यप ने शिविर के माध्यम से सभी प्रकार के प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश उपस्थित राजस्व अधिकारियों को दिए। शिविर में पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, एसडीएम अभयजीत मंडावी, तहसीलदार चिराग रामटेके, सौरभ कश्यप, जनपद सीईओ मेघलाल मण्डावी सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं पत्रकारगण उपस्थित थे।



**रुद्रांश दर्पण रायपुर** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने गोलबाजार में 115 वर्षों से विराजित किए जा रहे श्री गणेश जी के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा की। उन्होंने गणपति को नवरत्न जड़ित स्वर्ण मुकुट पहनाया और प्रदेश की सुख, समृद्धि व शांति की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री जी ने गोल बाजार में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में जाकर हनुमान भगवान के भी दर्शन किए।

# चार लाख रुपये की सुपारी देकर पति की हत्या कराने वाली महिला सहित पांच आरोपी जेल दाखिल

**रुद्रांश दर्पण बलौदाबाजार-भाटापारा**
**अरविन्द तिवारी**



बलौदाबाजार भाटापारा - पति के मारपीट से तंग आकर चार लाख रूपये की सुपारी देकर अपने आशिक एवं सहयोगियों से सर्जिकल ब्लेड से वार कर अपने ही पति की हत्या की घटना को अंजाम देने के मामले में पत्नि सहित पांच आरोपियों को एसीसीयू टीम के संयुक्त कार्यवाही से थाना तोरवा पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया , जहाँ से सभी आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया।बिलासागुड़ी में आयोजित पत्रकार वार्ता में इस अंधे हत्याकांड का खुलासा करते हुये पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने बताया गत दिवस 13 सितम्बर को तोरवा थाना प्रभारी राहुल तिवारी को मोबाईल से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम ढेंका बाईपास रोड के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है , वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिनके द्वारा निर्देशित करने पर सूचना तस्दीक करने हेतु मौके पर पहुंचकर कार्यवाही करने निर्देश दिये गये। घटनास्थल पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) , नगर पुलिस अधीक्षक (कोतवाली) समेत एफएसएल टीम के साथ मौके पर पहुंचकर सूचक द्वारा यह सूचना तस्दीक़ करते हुये बताया गया कि किसी अज्ञात आरोपी द्वारा अज्ञात पुरुष मृतक उम्र लगभग पच्चीस से तीस वर्ष की किसी चीज से मारकर हत्या करना पाया गया। प्रथम दृष्टया धारा 103(1) बीएनएस का अपराध घटित होना पाये जाने से मौके पर ही बिना नंबरी अपराध दर्ज किया गया और अज्ञात मृतक की पहचान हेतु सरहदी जिलों में मृतक की फोटो ले जाकर पहचान कराई गई। मृतक के ससुराल वालो के द्वारा मृतक की पहचान देवेंद्र बनर्जी पिता संतोष बनर्जी उम्र 37 वर्ष पता दुलदुला थाना सिमगा जिला बलौदा बाजार भाटापारा के रूप में की गई। संदेह के आधार पर आरोपी दीपक महिलेश्वर , कमल महिलेश्वर , अनिल रजक , विक्की लहरे सभी निवासी डिहुपारा सिमगा से पूछताछ करने पर पता चला कि मृतक की पत्नी नैना उर्फ अंजलि घृतलहरे से मृतक काफी मारपीट करता था जिससे तंग आकर उसने अपने आशिक दीपक महिलेश्वर के साथ मिलकर अपने पति की हत्या की योजना बनाई। चार लाख रुपये की सुपारी देने की बात कह कर दीपक महिलेश्वर के बोलने पर उसके दोस्त विक्की लहरे , अनिल रजक तथा दीपक के भाई कमल महिलेश्वर के साथ मिलकर आपरेशन में प्रयुक्त होने वाले सर्जिकल ब्लेड से मृतक के गले में वारकर हत्या की घटना को अंजाम दिया गया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू , मोटरसाइकिल और मोबाईल को जप्त किया गया है। अपराधियों के विरूद्ध धारा सदर अपराध सबूत पाये जाने से थाना तोरवा पुलिस ने आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया , जहां से सभी आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया। इस संपूर्ण कार्यवाही में अपराधियों की धरपकड़ करने और इस अंधेक़त्ल की गुत्थी सुलझाने वाले तोरवा थाने एवं एसीसीयू की पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक ने शाबाशी दी है।

**गिरफ्तार आरोपीगण** -दीपक महिलेश्वर उर्फ रवि पिता राजेश महिलेश्वर उम्र 25 वर्ष पता डिहुपारा वार्ड नंबर 05 सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा , कमल महिलेश्वर पिता राजेश महिलेश्वर उम्र 21 वर्ष पता डिहुपारा वार्ड नंबर 05 सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा , अनिल रजक पिता विनोद रजक उम्र 22 वर्ष पता डिहुपारा वार्ड नंबर 05 सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा , विक्की लहरे उर्फ मक्खी पिता भरतलाल लहरे उम्र 22 वर्ष पता डिहुपारा वार्ड नंबर 05 सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा और अंजली घृतलहरे पति देवेंद्र बनर्जी उम्र 30 वर्षीया पता दुलदुला थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़)।

# वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने किया इंजीनियर विश्वेश्वरैया के प्रतिमा का अनावरण





**रुद्रांश दर्पण नारायणपुर**

## तीन लाख रूपये से निर्माणाधीन मूर्ति का लोकार्पण

राज्य सरकार के वन एवं जलवायु परिवर्तन,सहकारिता कौशल विकास एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री केदार कश्यप द्वारा आज नारायणपुर के घड़ी चौक में स्थित नव निर्माणाधीन इंजीनियर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के प्रतिमा का लोकार्पण किया गया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अभियंता श्री विश्वेश्वरैया ने अभियांत्रिकी क्षेत्र में देश को अलग पहचान दिए । डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया एक सिविल इंजीनियर राजनेता और मैसूर के 19वें दीवान थे, जिन्होंने भारत के योगदान में अतुलनीय योगदान ने योगदान दिया । विश्वेश्वररैया की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियां में से एक मांड्या में कृष्ण राजा सागर बांध है । भारत के प्रथम अभियंता विश्वेश्वररैया को वर्ष 1955 में भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से विभूषित किया गया था। उन्होंने कहा कि नारायणपुर को विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, नारायणपुर के नवमी दसवीं के बच्चों ने जिनके माता-पिता मनरेगा के कार्य करने वाले हैं फिर भी उन्होंने आईआईटी में चयन होने में कामयाब हासिल किए हैं ।नारायणपुर को विकसित करने में हमारी सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित किये जा रहे हैं। अभियंता कर्मचारियों के द्वारा आवासीय परिसर बनाए जाने की मांग किए जाने पर वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने 30 लाख रुपए से आवासीय परिसर निर्माण किए जाने की घोषणा की है। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक रूपसाय सलाम कलेक्टर बिपिन मांझी, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, डीएफओ सचिकानंदन के., एसडीएम वासु जैन, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता जे.एल.मानकर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के कार्यपालन अभियंता एसके वर्मा, पीएमजीएसवाई के कार्यपालन अभियंता विनय वर्मा सहित सभी विभागीय अभियंता मौजूद थे।

## भू माफिया जमीन कब्जा कर रहे तो सख्त कार्रवाई कर

# सीएम ने कहा- जनता की समस्या का समाधान करना हमारी प्राथमिकता




**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज यानी रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन किया। हमेशा की तरह सीएम योगी ने आज भी मंदिर परिसर में बैठे लोगों के पास जाकर उनकी समस्या सुनीं और उन्हें न्याय मिलने और समस्या का समाधान होने का भरोसा दिलाया।उन्होंने कहा कि राय के हर व्यक्ति की समस्या का समाधान करने के लिए प्रभावी कार्रवाई करना सरकार की प्राथमिकता है। वहीं, जनता की समस्या सुनने के बाद सीएम ने संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए है।

सीएम ने सख्त कार्रवाई करने के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री योगी ने कहा, ''हर व्यक्ति की समस्या का समाधान करना एक संवेदनशील सरकार की प्राथमिकता होती है, इसलिए किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। योगी ने आश्वासन दिया कि हर व्यक्ति की ''समस्या का निराकरण किया जाएगा और हर शिकायत पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस जनता दर्शन में कुछ लोगों ने उनकी जमीन पर कब्जा किए जाने की शिकायत की, जिसके बाद मुख्यमंत्री ने इन मामलों में कठोर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आदित्यनाथ ने अधिकारियों से कहा, ''यदि कोई दबंग या भू-माफिया ऐसी हिमाकत कर रहा हो तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। अपराध और अपराधियों को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति ही मानक होनी चाहिए।

सीएम ने सुनी 300 लोगों की फरियाद

बता दें कि जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी ने करीब 300 लोगों की फरियाद सुनी। जनता दर्शन का आयोजन गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने किया गया। जनता दर्शन में आए लोगों को हमेशा की तरह कुर्सियों पर बैठाया गया था। इन लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे। एक-एक कर और ध्यान से सबकी समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन में आए कुछ लोगों ने जमीन कब्जा करने की शिकायत की।

किसी ने इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लगाई। सीएम ने सभी की समस्या का समाधान करने का भरोसा दिलाया। सीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पैसे के कमी से किसी का भी इलाज नहीं रुकना चाहिए। अगर कोई दबंग या भू-माफिया जमीन कब्जा कर रहा है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# लव जिहादः मुस्लिम लड़के ने हिंदू बनकर रचाई शादी

**लखनऊ।** योगी सरकार के द्वारा तमाम नियम और कानून लागू करने के बाद भी धर्मांतरण का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। दरअसल, अलीगढ़ में एक मुस्लिम लड़के ने अपना नाम बदलकर एक हिंदू लड़की को अपने प्रेम जाल में फंसाया और उस पर धर्मांतरण का दवाब बनाया। जब लड़की ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसकी आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी।




वहीं, इस मामले की जानकारी करणी सेना के लोगों को हुई तो करणी सेना के लोग पीड़ित हिंदू बेटी को अपने साथ लेकर एसपी ग्रामीण के कार्यालय पर पहुंचे और आरोपी मुस्लिम लड़के के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। एसपी ग्रामीण ने शिकायत पर संज्ञान लेते हुए इलाका पुलिस को आरोपी लड़के के खिलाफ कार्रवाई किए जाने का आदेश दिए। करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष नें आरोपी मुस्लिम लड़के के दो से तीन दिन के अंदर गिरफ्तारी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। करणी सेना की तरफ से कहा गया कि अगर आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई तो कानून का उल्लंघन भी किया जाएगा और पुलिस प्रशासन की बात ना सुनते हुए ऐसे जिहादियों को उनके द्वारा पकड़ कर खुद सबक सिखाया जाएगा।

**मामले में क्या बोली पुलिस?**

वहीं, इस घटना को लेकर क्षेत्राधिकारी इगलास राजीव द्विवेदी के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि, पूरा मामला कोतवाली इगलास क्षेत्र का है जहां की रहने वाली एक युवती के द्वारा एक आरोपी के खिलाफ शिकायत पत्र दिया था जिसको लेकर आरोपी खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस के द्वारा कार्रवाई कर दी थी जिसके बाद एक बार फिर शिकायत पत्र देते हुए दूसरी बार मुकदमा दर्ज कराया था। उसे पूरे मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

### युवक को नंगा कर बेल्ट से पीटा

# युवती के साथ पकड़े जाने पर लोगों ने बरसाए थप्पड़

**बिजनौर।** धामपुर इलाके में आज एक युवक को न्यूड कर उसकी पिटाई का वीडियो सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि कुछ लोग युवक को घेरकर उसे पीट रहे हैं। उस पर थप्पड़ बरसा रहे हैं। उसे बेल्ट से पीटा जा रहा है। युवक चिल्ला रहा है। छोड़ने की गुहार लगा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है।

युवकी पिटाई का वीडियो 35 सेकेंड का है। वीडियो में दिख रहा है कि तीन लो, एक युवक को पकड़े हुए हैं। उसमें से एक व्यक्ति चप्पल और बैल्ट से युवक की पैंट उतारकर उसकी पिटाई कर रहा है। वीडियो धामपुर थाना क्षेत्र के नगर पालिका स्थित लाइब्रेरी हॉल का बताया जा रहा है। पीटने वाले कर्मचारी बताए जा रहा है। वीडियो 10 सितंबर का है।


युवक अपनी एक फ्रेंड के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पार्क में पकड़ा गया था। नगर पालिका कर्मचारी युवक को पकड़कर लाइब्रेरी में ले गए। उसकी जमकर पिटाई कर डाली। वहां मौजूद किसी शख्स ने उसका वीडियो बना लिया। वीडियो अब वायरल हो रहा है।



मामले में सीओ धामपुर सर्वम सिंह का कहना है कि वीडियो संज्ञान में आया है। जिसमें कुछ व्यक्ति एक युवक को न्यूड कर पीट रहे हैं। जांच में यह पता चला है कि वीडियो 10 सितम्बर का है। केस दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। बाकी की तलाश कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। उन पर भी केस दर्जकर कार्रवाई की जाएगी।

# महिला को डराकर या गुमराह कर शारीरिक संबंध बनाना दुष्कर्मः इलाहाबाद हाईकोर्ट

**इलाहाबाद।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक निर्णय में कहा है कि कोई व्यक्ति भले ही महिला की सहमति से उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता हो, लेकिन यदि महिला भयभीत या भ्रमित होकर ऐसी सहमति देती है तो ऐसे संबंध को दुष्कर्म ही माना जाएगा। न्यायमूर्ति अनिस कुमार गुप्ता ने यह टिप्पणी करते हुए आगरा के राघव कुमार नामक एक व्यक्ति की याचिका खारिज कर दी। राघव ने दुष्कर्म के मुकदमे को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया था। उस पर आरोप है कि उसने एक महिला को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। राघव ने इस मामले में पुलिस की ओर से दाखिल आरोप-पत्र को रद्द करने का अदालत से अनुरोध किया था। इस मामले के तथ्यों के मुताबिक, एक महिला ने राघव के खिलाफ आगरा के महिला थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 (दुष्कर्म) के तहत मामला दर्ज कराया था, जिसकी विवेचना के बाद पुलिस ने 13 दिसंबर, 2018 को आगरा के जिला एवं सत्र न्यायालय में राघव के




खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल किया था। महिला का आरोप है कि राघव ने पहली बार उसे बेहोश करके शारीरिक संबंध बनाया था और इसके बाद वह शादी का झूठा वादा करके लंबे समय तक यौन शोषण करता रहा। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि आरोपी और शिकायतकर्ता महिला एक-दूसरे को जानते थे और साथ-साथ सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी भी कर रहे थे। वकील ने यह भी दलील दी कि दोनों के बीच सहमति से शारीरिक संबंध बने, जो लंबे समय तक जारी रहे, इसलिए आरोपी राघव के खिलाफ दुष्कर्म का मामला नहीं बनता। वहीं दूसरी ओर, राज्य सरकार के वकील ने याचिका का यह कहते हुए विरोध किया कि दोनों पक्षों के बीच शारीरिक संबंध की शुरुआत धोखाधड़ी पर आधारित है और राघव ने बलपूर्वक संबंध बनाए, जिसके लिए महिला की ओर से कोई सहमति नहीं थी, इसलिए यह दुष्कर्म का स्पष्ट मामला है। अदालत ने दोनों पक्षों की जिरह सुनने और साक्ष्यों पर गौर करने के बाद 10 सितंबर को दिए अपने निर्णय में कहा, चूंकि याचिकाकर्ता द्वारा शुरुआती संबंध धोखाधड़ी, धमकी के साथ और महिला की इच्छा के विरुद्ध स्थापित किए गये, इसलिए प्रथम दृष्टया यह आईपीसी की धारा 376 (दुष्कर्म) के तहत अपराध का मामला बनता है।

# हमारी ऋषि परंपरा जियो और जीने दो की रही है... गोरखपुर में बोले सीएम योगी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज यानी रविवार को गोरखपुर में युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 55वीं और राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 10वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में समसामयिक विषयों के सम्मेलनों की श्रृंखला के पहले दिन 'लोकतंत्र की जननी है भारत' विषयक सम्मेलन में पहुंचे। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि दुनिया में जब सभ्यता, संस्कृति और मानवीय मूल्यों के प्रति आग्रह नहीं था तब भारत मे सभ्यता, संस्कृति और मानवीय जीवन मूल्य चरम पर थे।

**भारतीय सभ्यता लोकतांत्रिक मूल्यों से परिपूर्ण रही है**

अपने संबोधन के दौरान सीएम योगी ने भारतीय सभ्यता की बात की। उन्होंने कहा कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति प्राचीन काल से लेकर अर्वाचीन काल तक लोकतांत्रिक मूल्यों से परिपूर्ण रही है। इसका उद्देश्य किसी का हरण करना या किसी पर जबरन शासन करना नहीं था, बल्कि इसकी भावना 'सर्वे भवंतु सुखिनः' की रही है। इसका नया स्वरूप आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ सबका विकास' के संकल्प में दिखता है। हमारी ऋषि परंपरा जियो और जीने दो की रही है क्योंकि यही सचा लोकतंत्र है और इस मूल्यपरक लोकतंत्र को किसी और ने नहीं बल्कि भारत ने दिया है।

**प्रजा का सुख ही राजा का दायित्व हैः योगी**

सीएम योगी ने कहा कि भारतीय सभ्यता में हमेशा ही यह



कह गया है कि प्रजा का सुख ही राजा का दायित्व है। रामायण काल में भगवान श्रीराम ने भी अक्षरशः जनता की आवाज को महत्व दिया। भगवान श्रीकृष्ण ने भी खुद को कभी राजा नहीं समझा। उनके समय में वरिष्ठ व्यक्ति के नेतृत्व में गणपरिषद शासन का कार्य देखती थी। द्वारिका में जब अंतर्द्वंद्व प्रारंभ हुआ तब इस परिषद के सदस्य आपस में लड़कर मर-मिट गए। उस समय भगवान श्रीकृष्ण ने परिषद के सदस्यों की दुर्गति पर कहा था कि राय के नियम प्रत्येक नागरिक पर समान रूप से लागू होते हैं।

# यूपी में बाढ़ से आफत; उफान पर नदियां...70 से ज्यादा गांव प्रभावित

उत्तर प्रदेश के पिछले कई दिनों से हो रही बारिश और लखीमपुर खीरी में बनबसा बैराज से छोड़े गए पानी की वजह से कई गांवों बाढ़ की चपेट में आ गए है। शारदा नदी भी पूरी तरह उफान पर है और पलिया से मझगई और संपूर्णानगर में बाढ़ का कहर बरपा रही है। वहीं, सुहेली नदी भी उफनाई हुई है और उसका भी पानी पास के गांव में घुस गया है। इसी तरह मोहाना और घाघरा नदी में भी आई बाढ़ की वजह से 70 गांव प्रभावित हो गए है।

**11 जिलों के 70 गांव हैं बाढ़ से प्रभावित** बता दें कि प्रदेश के 11 जिलों के 70 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। गंगा नदी बदायूं (कचरा ब्रिज) में, केन नदी बांदा (बांदा) तथा चम्बल नदी धौलपुर में खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। फर्रुखाबाद, गोण्डा, बलिया, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी , जालौन , सीतापुर, देवरिया, बांदा , गौतमबुद्धनगर तथा पीलीभीत जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। बाढ़ की चपेट में आने से अब तक तीन हजार 56 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। इनके सापेक्ष राहत सहायता वितरित की जा चुकी है। शारदा, सुहेली, मोहाना और घाघरा नदियां भी उफान पर है।



शनिवार को पलिया, बिजुआ, तिकुनिया और धौरहरा इलाके के 70 से अधिक गांवों में घुस गया है। कई गांवों में लोग छतों पर डेरा जमाए हैं। ट्रैक्टर-ट्रॉली और बैलगाड़ी पर पन्नी तानकर गुजारा कर रहे हैं। शारदा नदी का पानी पलिया नगर में प्रवेश कर गया है। पलिया-भीरा मार्ग पर पानी बहने से आवागमन बंद है। उफनाई मोहाना नदी का पानी तिकुनिया क्षेत्र के 12 गांवों में पहुंच गया है।

**बाढ़ की वजह से आवागमन भी बंद** पलिया भीरा मार्ग पर आवागमन रविवार को भी बंद है। निघासन मार्ग पर पानी अधिक आ जाने से इस मार्ग पर भी आवागमन बंद कर दिया गया है। दुधवा मार्ग पर बंशीनगर के पास रपटा पुल पर तेज धार में पानी चल रहा है। जबकि सड़क किनारे बंशीनगर गांव के कई घरों में पानी घुस गया है। दुधवा मार्ग पर भी आवागमन बंद है। बाढ़ के कारण पलिया टापू बन गया है। शहर के कई मोहल्लों में बाढ़ का पानी घुस गया है। इसमें मोहल्ला ढाकिन, सुभाषनगर खानकाह, चीनी मिल कॉलोनी, इंद्रानगर आदि मोहल्ले शामिल हैं। जुलाई महीने में बाढ़ के पानी में कटे मैलानी-गोंडा रेल ट्रैक की अभी पलिया भीरा के बीच मरम्मत का कार्य पूरा हो भी नहीं पाया था। अब भीरा के पहले साई मंदिर के आगे इसी ट्रैक पर कटान का खतरा उत्पन्न हो गया है। रपटा पुल के सामने पश्चिम दिशा से पानी का बहाव शुरू हो गया है। रेल लाइन के नीचे से पानी बहने लगा है। जिससे यहां भी रेल ट्रैक कटने का खतरा बढ़ गया है।

**पीड़ित परिवारों को राहत सामग्रियां पहुंचाने के लिए चल रही 38 नावें** गिरजा, शारदा और सरयू बैराजों से छोड़े गये लाखों क्यूसेक पानी से उफनायी घाघरा नदी ने नकहरा, प्रतापपुर, घरकुइया, काशीपुर, रायपुर माझा और तरबगंज तहसील क्षेत्र में सरयू नदी के बढ़ते जलस्तर ने दुर्गागंज, सोनौली मोहम्मदपुर, ऐली परसौली, परपटगंज, दत्तनगर, साकीपुर, तुलसीपुर, गोकुला, इन्दरपुर, जैतपुर, माझाराठ और महेशपुर समेत करीब बीस गांवों की बीस हजार से अधिक की आबादी को बाढ़ से बचाव के लिये राहत व बचाव कार्य कराया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, अब तक बाढ़ से प्रभावित हुए दस गांवों में पीड़ित परिवारों को राहत सामग्रियां पहुंचाने के लिये 38 नावें चलायी जा रही है।

स्वामी प्रकाशक एव मुद्रक अंतरिक पवार द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स , प्लाट न. 26 बी दशबंधु परिसर प्रस कॉम्प्लक्स जोन 1 एम. पी. नगर भोपाल म. प्र. 462011 स मुद्रित एव ज 144 तृतीय तल हर्षवर्धन नगर भोपाल मध्यप्रदेश 462003 स प्रकाशित
संपादक : अंतरिक्ष पवार मोबाइल नं. 8770227143 सहसंपादकः मोनिका सूर्यवंशी मोबाइल नं. 8224095350 समस्त न्यायिक कार्यवहियो के लिए क्षत्राधिकारी भोपाल न्यालय का रहेगा RNI No. MPHiN/2016/67534